संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 11 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 68 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



ईवी पॉलिसी 2.0 का लक्ष्य दिल्ली की सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना पंकज कुमार सिंह।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ने उठाए कई कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सरकार ने आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने एवं तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने भी ईंधन मूल्य निर्धारण, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव और उपभोक्ताओं पर बोझ को कम करने से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज बताया कि केंद्र सरकार ने नवंबर, 2021 और मई, 2022 में दो किश्तों में पेट्रोल और डीजल पर कुल मिलाकर क्रमशः 13 रुपये प्रति लीटर और 16 रुपये प्रति लीटर की केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिया गया। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए वैट दरों में कमी की। मार्च, 2024 में ओएमसी ने देश भर में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की।

# परिसीमन पर सदन में शोर शराबा

● संसद के बाहर डीएमके सांसदों का विरोध प्रदर्शन, केंद्र सरकार परिसीमन प्रक्रिया का विकल्प तलाशेः तिरुचि शिवा

**आप को झटका**
संवैधानिक नियमों के अनुसार इसे जनसंख्या के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए: डीएमके

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसद तिरुचि शिवा और पार्टी के अन्य सांसदों ने परिसीमन के मुद्दे पर सोमवार को संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पत्रकारों से बातचीत में तिरुचि शिवा ने केंद्र सरकार से परिसीमन प्रक्रिया का विकल्प तलाशने की अपील की और कहा कि दक्षिण भारत के राज्यों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान डीएमके सांसदों ने "डोंट विक्टिमाइज्ड सदर्न स्टेट्स, वी वांट जस्टिस" के नारे लगाए। इस मौके पर तिरुचि शिवा ने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया 2026 में पूरी होनी है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नियमों के अनुसार इसे जनसंख्या के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। इससे पहले 42वें संशोधन और 84वें संशोधन में इसे 25 साल बाद पूरा करने का फैसला किया गया था, क्योंकि परिवार नियोजन नीतियों की प्रगति को ध्यान में रखना होगा। अगर परिसीमन की प्रक्रिया उस आधार पर पूरी की जाती है, तो तमिलनाडु सहित सभी दक्षिणी राज्यों को नुकसान होगा। इससे पहले राज्यसभा में तिरुचि शिवा ने तमिलनाडु के लिए परिसीमन पर चर्चा करने के लिए राज्यसभा के बिजनेस रूल्स 267 के तहत एक नोटिस दिया था लेकिन उप सभापति ने इस नियम के तहत दिए गए सभी दलों के सदस्यों के नोटिस अस्वीकार करते हुए सदन की कार्यवाही आगे बढ़ा दी। उसके बाद इसे लेकर सदन में शोर शराबा हुआ और विपक्ष ने सदन से वाकआउट कर दिया।



### डीएमके ने परिसीमन के मुद्दे पर राज्यसभा से किया वॉकआउट

**नई दिल्ली।** दविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसदों ने सोमवार को निष्पक्ष परिसीमन कराने की मांग और इस पर उपसभापति द्वारा चर्चा की अनुमति देने से इनकार करने के बाद राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद डीएमके के सांसद तिरुचि शिवा, पी विल्सन और पार्टी के अन्य सांसदों ने परिसीमन मुद्दे पर सोमवार को संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। डीएमके नेता त्रिची शिवा और पी विल्सन ने तमिलनाडु के लिए निष्पक्ष परिसीमन पर चर्चा करने के लिए राज्यसभा के कार्य नियम 267 के तहत एक नोटिस



दिया जिसे खारिज कर दिया गया। पी विल्सन ने मीडिय से बातचीत में कहा कि निष्पक्ष परिसीमन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि परिवार नियोजन नीतियों के कारण राज्य में जनसंख्या वृद्धि न्यूनतम रही है। 2026 में लागू होने वाले परिसीमन परिवर्तनों के बारे में राज्य में चिंता बढ़ रही है। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने केंद्र सरकार से परिसीमन प्रक्रिया का विकल्प तलाशने का आग्रह किया और कहा कि दक्षिणी राज्यों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। तिरुचि शिवा ने कहा, परिसीमन की प्रक्रिया 2026 में पूरी होनी है। संविधान के अनुसार, इसे जनसंख्या के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। इससे पहले 42वें संशोधन और 84वें संशोधन में इसे 25 साल बाद पूरा करने का फैसला किया गया था, क्योंकि जन्म नियंत्रण की प्रगति को ध्यान में रखना होगा।

### केसी ने उठाया केरल में आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को लोकसभा में केरल में आशा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन का मुद्दा उठाया और कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार को उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए। लोकसभा में शून्य काल के दौरान केरल से सांसद ने आरोप लगाया कि राज्य और केन्द्र सरकार इस संबंध में दोहरा रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं को 21 हजार का मानदेय और सेवानिवृत्ती पर पांच लाख दिया जाना चाहिए। साथ ही उनके काम के घंटे तय किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं। उन्हें इतनी गर्मी में तिरुवनंतपुरम में पिछले एक माह से प्रदर्शन करना पड़ रहा है। राज्य और केन्द्र सरकार को इनकी वित्तीय सुरक्षा कोई चिंता नहीं है। आशा कार्यकर्ताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जाए। वी.के. श्रीकंदन ने मलयालम में यह मुद्दा उठाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को दोषी ठहराया। सांसद सुरेश ने लोकसभा में आपातकालीन प्रस्ताव का नोटिस दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मुद्दे को राज्य सभा में मांग की कि आशाओं को बकाया राशि का भुगतान किया जाए।

# भूपेश बघेल के घर ईडी की रेड



**टीम एक्शन इंडिया**
**दुर्गः** छत्तीसगढ़ विधान सभा बजट सत्र के दसवें दिन सोमवार को प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की दबिश पर हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि जैसे ही कोई कांग्रेस विधायक, विधानसभा में किसी समस्या को लेकर सवाल करता है तो ईडी उसके घर पहुंच जाती है। हंगामे के बीच प्रश्नकाल चलता रहा। जिसके बाद 11 बजकर 37 मिनट पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। इस दौरान अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल खत्म होने के बाद अपनी बात आप शून्यकाल के दौरान उठाएं। बावजूद इसके विपक्ष ने लगातार सदन के भीतर तेज हंगामे के साथ ईडी से डराना बंद करो और भाजपा सरकार डरती है, ईडी को आगे करती है के नारे लगाए।लगातार सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होती रही। विधायक धरमजीत सिंह ने कहा कि कोरबा में कोयला का पैसे खाए हो तो अब ईडी की कार्रवाई से डर क्यों लग रहा है। व्यवस्था के बाद भी लगातार विपक्ष सदन के भीतर नारेबाजी करता रहा। ईडी की दबिश को लेकर विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करते हुए गर्भगृह तक पहुंच गए। गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने पर विपक्ष के सदस्य निलंबित हुए। निलंबन के बाद विपक्षीय सदस्य गर्भगृह में धरने पर बैठ गए। इस दौरान हंगामा को देखते हुए सदन की कार्यवाही 10 मिनट तक स्थगित कर दी गई।

**समर्थकों का बवाल**
नोट गिनने की मशीन मंगाने के दौरान कार पर पथराव; आज कांग्रेस करेगी पुतला दहन

# लोकसभा में राहुल गांधी ने की वोटर लिस्ट पर चर्चा कराने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में मतदाता सूची में अनियमितता का मुद्दा उठाया और कहा कि देशभर से इसकी शिकायतें मिल रही हैं। गैर एनडीए शासित राज्यों से यह मुद्दा उठ रहा है। राहुल ने विशेष रूप से महाराष्ट्र का उदाहरण दिया। साथ ही उन्होंने मांग की कि पूरा विपक्ष चाहता है कि सदन में वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। लोकसभा में शून्य काल की चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह



बात सही है कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती लेकिन पूरा विपक्ष चाहता है कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा हो। विपक्षी राज्यों और पूरे देश से मतदाता सूची पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। मतदाता सूचियों में एक जैसे निर्वाचक फोटो पहचान कार्ड संख्याओं का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों से प. बंगाल और असम में आगामी चुनाव प्रभावित हो सकते हैं।

**मुद्दा उठाया**
मतदाता सूची में अनियमितता का मुद्दा उठाया और कहा कि देशभर से इसकी शिकायतें मिल रही

## 2011 की जनगणना में मुसलमानों में साक्षरता दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** 2001 की जनगणना के अनुसार 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के मुसलमानों में साक्षरता दर 59.1 प्रतिशत थी, जबकि इसी आयु वर्ग के लिए अखिल भारतीय साक्षरता दर 64.8 प्रतिशत थी। 2011 की जनगणना के अनुसार 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के मुसलमानों में साक्षरता दर 68.5 प्रतिशत थी, जबकि अखिल भारतीय साक्षरता दर 73.0 प्रतिशत थी। इस प्रकार 2001 की तुलना में 2011 में मुसलमानों में साक्षरता दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी है।



दिल्ली के खाद्य आपूर्ति, पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने श्याम नगर, राजौरी गार्डन में जन सुविधाओं और स्वच्छता को बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं।

# भारत विरोधी गतिविधियों पर तुरंत एक्शन ले ब्रिटेनः एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर ब्रिटेन से कहा है कि वह भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाए और भारतीय उच्चायोग व इसके सभी कार्यालयों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करे। यह आग्रह भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते की अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान वहां के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, उप पीएम एजेंला रेनेर, विदेश सचिव



डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय बैठकों में की।

**भारत ने उठाया सुरक्षा का मुद्दा**
विदेश मंत्री के इस दौरे में ही उनकी कार के सामने एक खालिस्तान समर्थक भारतीय तिरंगे का अपमान करते हुए आ खड़ा हुआ था। इस पर ब्रिटेन ने अफसोस जताया था।

**मांग**
भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाए और उच्चायोग व सभी कार्यालयों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करे

# डीएमके एनईपी को लागू नहीं करना चाहतीः प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू नहीं करके छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पीएम श्री स्कूल को लेकर डीएमके सांसद टी सुमति के एक सवाल के जवाब में कहा कि एक समय पीएम श्री योजना को स्वीकार करने के लिए तमिलनाडु सरकार केंद्र सरकार के साथ समझौता



ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए तैयार थी। लेकिन बाद में उसने इस मुद्दे पर यूटर्न ले लिया। तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के मुद्दे पर आज सदन में डीएमके सांसद अपना विरोध जताने के लिए वेल में आ गए। डीएमके सांसदों के विरोध के कारण लोकसभा की कार्यवाही को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। इस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा, वे असभ्य, अलोकतांत्रिक लोग हैं और तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे उनका भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे तमिलनाडु के लोगों के प्रति बेईमान हैं।

**आरोप**
सरकार तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू नहीं करके छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही

## ब्रिटिश हाईकमीशन के कर्मचारियों से असम पुलिस ने की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तानी संबंधों के मामले में असम पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के दो कर्मचारियों से पूछताछ की। पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के साथ उनके संबंधों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ की। शेख राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में अपनी कथित भूमिका के कारण जांच के घेरे में हैं।

**स्पष्ट किया** | ऐसे संस्थानों के छात्रों के लिए नजदीकी बड़े शिक्षण संस्थानों में सीटें बढ़ाई जाएंगी : सीएम

# कम छात्र संख्या वाले शिक्षण संस्थान होंगे बंद : सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला/चमन शर्माः** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन शिक्षण संस्थानों में छात्रों की संख्या कम है या जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही है उन्हें अगले शैक्षणिक सत्र से बंद कर दिया जाएगा। ऐसे संस्थानों के छात्रों के लिए नजदीकी बड़े शिक्षण संस्थानों में सीटें बढ़ाई जाएंगी और आने-जाने का खर्च भी राज्य सरकार उठाएगी।
मुख्यमंत्री सोमवार को राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान,



शिमला के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है ताकि छात्र भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने चुनावी लाभ के लिए अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में 900 शिक्षण संस्थान खोल दिए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को उसका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और संसाधनों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोल रही है। अगले शैक्षणिक सत्र से दस ऐसे स्कूल कार्य करना शुरू कर देंगे। इन स्कूलों में स्वीमिंग पूल, इनडोर स्टेडियम और खेल गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। सरकारी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा, "मैं स्वयं सरकारी स्कूल में पढ़ा हूं और आज प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं।

**विकास पर बल**
पूर्ववर्ती सरकार ने चुनावी लाभ के लिए अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में 900 शिक्षण संस्थान खोल दिए

# मणिपुर में पुलिस ने 48 घंटों में 15 उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ राज्य में बड़ी कार्रवाई की है। 8 और 9 मार्च को राज्य भर में कई छापों में विभिन्न उग्रवादी समूहों के 15 कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'पिछले 24 घंटों के दौरान, राज्य में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में थी। पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। 9 मार्च को, मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सिटी-पीएस के तहत गांधी



एवेन्यू, थंगल बाजार से एनआरएफएम संगठन के पांच सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया, जिनके नाम हैं, केशम रॉबर्टसन मीतेई उर्फ नानाओ और उम्र 29 साल है।
दूसरे का नाम है मोइरंगथेम तनु देवी उर्फ चिंगलेम्बी उर्फ इचांथोई (21), नामीराकपम रशिनी देवी उर्फ थोइबी उर्फ मंगलेइमा (25), मेइकम इचान चानू (32) और लैशराम मेनका चानू उर्फ लांचेंबल (27)। वे जबरन वसूली, हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन में शामिल थे।

**सख्ती**
लाखों का कैश और मोबाइल फोन भी बरामद, सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

टीम एक्शन इंडिया
**बुलंदशहर :** बुलंदशहर नगर कोतवाली क्षेत्र में मामन रोड पर बाइक सवार युवक कपिल कुमार निवासी गांव ग्यासपुर थाना कोतवाली देहात को मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा दिया और हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन मिट्टी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली यहां से गुजरते हैं और हादसे में लोगों की जान चली जाती है। बाद में पुलिस से उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए। गांव ग्यासपुर निवासी कपिल कुमार गौतम (20) मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता था। जल्द ही वह अपना नया काम शुरू करने की तैयारी कर रहा था। बताया गया कि सोमवार सुबह करीब



छह बजे वह घर से बाइक लेकर बुलंदशहर आने के लिए निकला था। जब वह मामन तिराहे के निकट पहुंचे तो बुलंदशहर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार मिट्टी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि, आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके पर ही ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कपिल को

**हंगामा**

**हादसे में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा दिया और हंगामा किया**

अस्पताल पहुंचाया। जहां, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कपिल की मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीण व उनके परिजन मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने वहां हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। ग्रामीणों व स्थानीय लोगों का आरोप है कि आए दिन इस मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी लादकर गुजरते हैं। जिससे आए दिन हादसों में लोगों की जान चली जाती है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलने पर नगर कोतवाल धर्मेंद्र सिंह राठौड़ भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। करीब दो घंटे तक मौके पर हंगामा चलता रहा। साथ ही ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाने ले आए। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई सुभाष चंद की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साथ ही आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

**तीन माह पूर्व हुई थी शादी :** परिजनों ने बताया कि मृतक कपिल कुमार का करीब तीन माह पूर्व दिसंबर माह में ही विवाह हुआ था। कपिल की मौत के बाद से उनकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। शाम करीब तीन बजे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# महेंद्रगढ़ से शाम के समय चंडीगढ़ के लिए चलाई नई बस

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़।** चरखी दादरी डिपो ने सोमवार से महेंद्रगढ़ नेशनल हाईवे 152-डी से रोडवेज बस सेवा शुरू की है। यह बस शाम के सात बजे महेंद्रगढ़ से चलकर बुचावास नेशनल हाइवे 152-डी से होते हुए चंडीगढ़ जाएगी। बस का रात्रि ठहराव भी चंडीगढ़ में ही रहेगा। नई बस सेवा शुरू करवाने के लिए सामाजिक संगठनों ने महेंद्रगढ़ लघुसचिवालय में समाधान शिविर मे मांग रखी थी।
समाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि यह बस को चलवाने के लिए वह कई माह से संघर्ष कर रहें थे, क्योंकि महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ के लिए शाम के तीन बजे के बाद नेशनल हाईवे 152-डी से कोई बस सेवा नहीं थी। यह बस महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से प्रतिदिन शाम सात बजे चलकर बुचावास होते हुए 152-डी से चंडीगढ़ जाएगी। बस सेवा शुरू होने से ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों ने चरखी दादरी डिपो के महाप्रबंधक नवीन शर्मा, सीआई नवरत्न शर्मा सहित अन्य अधिकारियों का आभार जताया हैं। पाटोदा ने बताया कि यह बस सेवा नारनौल सेशाम को साढ़े छह बजे चलकर वाया महेंद्रगढ़, नेशन हाईवे 152-डी से रात्रि को चंडीगढ़ पहुंचेगी। क्षेत्र के लोगों को चंडीगढ़ जाने के लिए भी शाम के समय कोई परेशानी नहीं होगी।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255012 | रीढ़ की सर्जरी के लिए आर्थोपेडिक रोबोट (विनिर्देश संलग्न पीडीएफ के अनुसार) | 1 | 09.04.2025 |

**निविदा शर्तें**– **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: **82255012/MED/PART-II** दिनांक **10.03.2025** **757/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पानीपत में यमुना पुल के पास बनाया जाए संगम घाट

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**यमुना** सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट रतन सिंह रावल और हरियाणा सैनी समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष सैनी के नेतृत्व में सोमवार को वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत में हरियाणा-यूपी बॉर्डर पर यमुना पुल के पास गंगा का पानी लाकर संगम घाट बनाने की मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के लघु सचिवालय स्थित पानीपत कार्यालय में उनके प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एडवोकेट रतन सिंह रावल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के शामली जिला के गांव गंदेवडा में गंग नहर के माध्यम से गंगा का पानी आता है और हथिनी कुंड बैराज से पूर्वी यमुना नहर के माध्यम से यमुना नदी का पानी आता है। दोनो पवित्र नदियों का पानी आकर गांव गंदेवडा में मिलता है' इस संगम स्थल पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक संगम घाट बनवाया गया है। पानीपत जिला से भी बहुत से श्रद्धालु अमावस्या, पूर्णिमा व कुंभ आदि पावन अवसरों पर स्नान के लिए इस घाट पर जाते हैं। रावल ने बताया कि यूपी के सहारनपुर से गंदेवडा के संगम घाट के पास से होते हुए बॉर्डर तक यमुना में मिलने वाली जल वाहिनी के माध्यम से यूपी हरियाणा बॉर्डर पर यमुना पुल घाट तक लाया जा सकता है।

# महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी का एलान, जंतर-मंतर पर मौलाना मदनी के साथ मनाएंगे होली

टीम एक्शन इंडिया
**गाजियाबाद :** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने शिवशक्ति धाम डासना से एक वीडियो जारी करके मौलाना मदनी और उसके समर्थकों को चुनौती दी है। महामंडलेश्वर ने कहा कि मुसलमानों के बाप दादा अपना हिस्सा लेकर पाकिस्तान जा चुके हैं। हिंदुओं के पूर्वजों ने अपने हिस्से की जमीन पर यहां अपनी अज्ञानता जनित सद्भावना के कारण मुसलमानों को यहां रख लिया था। परंतु अब अपनी वह इस बचे हुए भारत पर भी कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने वीडियो में कहा है कि हिंदुओं के पवित्र त्यौहार होली से एक दिन पहले जंतर-मंतर को शाहीन बाग बनाने की कोशिश करके मौलाना मदनी और उसके साथियों ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। शाहीन बाग में जिस तरह से सरकार को डरा दिया गया, अब वो ही प्रयोग मौलाना मदनी दोबारा करना चाहते हैं पर अब ये संभव नहीं है। दिल्ली सरकार इनकी तादात से डर कर कहीं



वक्फ बोर्ड पर हो रहे संशोधन के मामले में कोई समझौता न कर ले, इसलिए वहां हमारा होना बहुत जरूरी है और हम वहां बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से विरोध करेंगे। इस बार हमारी होली जंतर-मंतर पर ही मनाई जाएगी।


**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301 (उ०प्र०)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट: **www.noidaauthorityonline.in** एवं **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**ए) फेस-टेण्डर कार्य:-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 28/वरि०प्र० (व.स.–7)/ई०नि०/2024–25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम नगला चरणदास के प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल में रसोई घर का निर्माण कार्य), नौएडा। | 13.07 |

उपरोक्त निविदा को **दिनांक 25.03.2025 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन **दिनांक 26.03.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

**बी) रि–टेण्डर कार्य:–**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2 | 13/वरि०प्र० (व.स.–4)/ ई०नि०/2024–25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम छजारसी सैक्टर–63 में यू०जी०आर० एवं सामुदायिक केन्द्र के मध्य स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण का कार्य), नौएडा। | 29.65 |

उपरोक्त निविदा को **दिनांक 20.03.2025 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन **दिनांक 21.03.2025 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

**महत्वपूर्ण सूचना–**
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनाधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।

**उप महाप्रबन्धक (सिविल)**
**नौएडा**
**सैक्टर–6, नौएडा**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मजहर उर्फ प्रिन्स, पुत्रः** मोहम्मद इस्लामुद्दीन, **पताः** 157, गली नंबर 3, न्यू मुस्तफाबाद, **दिल्ली FIR No: 140/2024 U/S: 326/341/506/34 IPC, पुलिस थानाः रूपनगर दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मजहर उर्फ प्रिन्स,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मजहर उर्फ प्रिन्स,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मजहर उर्फ प्रिन्स, FIR No: 140/2024 U/S: 326/341/506/34 IPC, पुलिस थानाः रूपनगर दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. राज कुमार सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला कमरा नंबर 241**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/2578/N/2025**
**(Court Matter)**


# विधायक ने प्रश्नकाल में उठाया सोनीपत बस स्टैंड का मुद्दा

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** सोनीपत के मौजूदा बस अड्डे को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। अब सरकार सोनीपत में कमर्शियल बस अड्डा बनाएगी। यह बस अड्डा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें शॉपिंग के लिए दुकानें और फूड कोर्ट सहित दूसरी सभी सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। जाट जोशी गांव की प्रस्तावित जमीन का आकलन करने के बाद सरकार इस दिशा में आगे कदम बढ़ाएंगी। हालांकि दूसरी जमीन का भी अगर विकल्प हुआ तो उसका भी अध्ययन किया जाएगा।
सोनीपत से भाजपा विधायक निखिल मदान ने सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। मदान ने कहा कि पुराना बस अड्डा शहर के बीचों-बीच है। ट्रैफिक की



समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नया बस अड्डा बनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा भी है। इसलिए इस कार्य को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा सेक्टर-7 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की करीब नौ एकड़ जमीन इसके लिए तय की गई थी। लेकिन जांच के बाद पता चला कि यहां बस अड्डा नहीं बनाया जा सकता। विज ने कहा कि परिवहन विभाग के महानिदेशक ने जमीन का निरीक्षण किया। 12 जनवरी को ही यह निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया कि कुल 8.86 एकड़ भूमि में से 4.06 एकड़ भूमि ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में है। इस जमीन पर निर्माण नहीं हो सकता। बाकी की बची हुई जमीन में से भी एक एकड़ से अधिक भूमि सेक्टर को विभाजित करने वाली सड़क में आ चुकी है। ऐसे में यह जमीन सड़क के दोनों ओर बच गई है। इस पर बस अड्डा नहीं बनाया जा सकता। विज ने कहा कि नये

**उपलब्ध**

**शॉपिंग के लिए दुकानें और फूड कोर्ट सहित दूसरी सभी सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी**

बस अड्डे के लिए कम से कम दस एकड़ जमीन की जरूरत है। जाट जोशी गांव की करीब साढ़े नौ एकड़ जमीन पर नया बस टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव है। बस अड्डे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए एडवाइर नियुक्त किया जा चुका है। एडवाइजर की रिपोर्ट के बाद अगली कार्रवाई होगी। निखिल मदान ने चर्चा के दौरान विज ने कहा हुआ अगर शहर में कहीं और जगह पर जमीन उपलब्ध है तो सरकार उस पर भी विचार कर सकती है।


**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि पांच अभियुक्तयों **(1) जितेन्द्र गुप्ता (2) दीपक गुप्ता (3) प्रमोद गुप्ता तीनों पुत्र स्व. रघुवर प्रसाद (4) माया देवी पत्नी स्व. रघुवर प्रसाद (5) राखी गुप्ता पुत्री अभिषेक पताः मकान नं. डी–169, गली नं.6, लक्ष्मी नगर, इस्ट दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1343/2015 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मधु विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) जितेन्द्र गुप्ता (2) दीपक गुप्ता (3) प्रमोद गुप्ता (4) माया देवी (5) राखी गुप्ता** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) जितेन्द्र गुप्ता (2) दीपक गुप्ता (3) प्रमोद गुप्ता (4) माया देवी (5) राखी गुप्ता** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1343/2015 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत थाना मधु विहार, दिल्ली के उक्त (1) जितेन्द्र गुप्ता (2) दीपक गुप्ता (3) प्रमोद गुप्ता (4) माया देवी (5) राखी गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**मोक्षा बैंस**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**महिला कोर्ट–02, तृतीय तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
DP/2887/ED/2025


# खरखौदा में 7.5 एकड़ में फिर चला पिला पंजा

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी
**खरखौदा:** जिला नगर योजनाकार विभाग की इंफोर्समेंट टीम ने सोमवार को खरखौदा और थाना कलां की राजस्व संपदा में अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का काम किया। इस दौरान साढ़े सात एकड़ भूमि पर बने अवैध निर्माण को गिराया गया, जिसमें 17 डीपीसी, 7 बाउंड्री वाल, 1 प्रापर्टी डीलर आफिस और 9 सौ मीटर लंबी ईंटों से बनी निशानदेही को तोड़ दिया। जिला नगर योजनाकार



विभाग की तरफ से ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में इंफोर्समेंट टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के माध्यम से डीटीपी ने संदेश देने का काम किया है कि जो अवैध कालोनियां प्रापर्टी डीलरों द्वारा विकसित की जा रही हैं और बगैर उनकी अनुमति के प्लाट काटकर बेचे जा रहे हैं वह कतई स्वीकार्य नहीं हैं। इसी कड़ी में डीटीपी की टीम ने सोमवार को क्षेत्र में इस कार्रवाई को अंजाम दिया।


**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि रमेश कुमार पुत्र सेवा राम निवासी मकान नं 3494, देवी मन्दिर रोड नजदीक शिव मन्दिर , मोती राम कॉलोनी पानीपत तहसील व जिला पानीपत बयान करता हू कि मेरा पुत्र सचिन पाँचाल व उसकी पत्नी पूजा पाँचाल मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हूँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति से हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एबीवीपी ने मुझे दीप पकड़ाने से दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है : रेखा गुप्ता

**पाठशाला**

**बीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं है बल्कि जीवन प्रबंधन की बड़ी पाठशाला है : रेखा गुप्ता**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को एनडीएमसी सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की छात्रा संसद में कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं है बल्कि जीवन प्रबंधन की बड़ी पाठशाला है। गुप्ता ने कहा कि उनके भी जीवन में विद्यार्थी परिषद की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने उन्हें दीप पकड़ाने से लेकर दीप जलाने तक की यात्रा करवाई है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वह 1993 में विद्यार्थी परिषद से जुड़ी थीं और 1995 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) का चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि युवा छात्राओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्पशक्ति ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रा को आगे बढ़ाने और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने का कार्य एबीवीपी ने किया है और यही कारण है कि आने वाले समय में इस संगठन से केवल एक नहीं, बल्कि सैकड़ों रेखा गुप्ता तैयार होंगी। छात्रा संसद के माध्यम से एबीवीपी एक विचार रूपी वट वृक्ष तैयार कर रही है, जिसकी छांव में राष्ट्र निर्माण की नींव रखी जाएगी। मैं यह गर्व से कह सकती हूं कि मैं एबीवीपीयन हूं।

एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि छात्रा संसद के समापन सत्र में छात्राओं द्वारा एक मांग पत्र तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र ही सरकार और संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा। यह संसद केवल विमर्श का मंच नहीं बल्कि छात्राओं की जमीनी समस्याओं का समाधान निकालने और नीति निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की एक ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे, सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।





## छात्राओं की ऊर्जा और आत्मविश्वास राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव : मुख्यमंत्री रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि छात्राओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्पशक्ति ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। वह सोमवार को यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित छात्रा संसद को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यहां पर नई पीढ़ी के सपनों, विचारों और संकल्पों को सुनने का मौका मिला। इस छात्रा संसद के मंच से युवतियों की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को देखकर गर्व



महसूस हुआ। छात्रा संसद का आयोजन नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस छात्रा संसद में देश के अलग-अलग कोने से छात्राएं आई हुई हैं।

मैंने यहां युवाओं से दिल्ली के लिए उनके सुझाव भी मांगे कि वे दिल्ली को किस दृष्टि से देखते हैं और उनकी अपेक्षाएं क्या हैं? इन छात्राओं ने देशहित में काम करने का जो संकल्प लिया है, वह अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।

## छात्रा संसद में छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई

छात्रा संसद में छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और सदन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें प्रस्तुत की गईं। छात्राओं ने शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास पाठ्यक्रमों को लागू करने, उच्च शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए छात्रावासों की संख्या में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में अध्ययन करने आने वाली छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना का प्रावधान महिला शोधार्थियों के लिए विशेष योजना एवं अनुदान सुनिश्चित करने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर बल दिया गया। निर्भया फंड की निगरानी एवं तहसील स्तर तक महिला हेल्थ डेस्क की स्थापना, साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविरों की अनिवार्यता, फास्ट ट्रैक कोर्ट की प्रभावशीलता बढ़ाने और छात्रा नेतृत्व के मंचों को संस्थानों में स्थापित करने जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा की



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत सरकार के केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविलिया से मुलाकात की। मुलाकात में दिल्ली के युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और खेलों में सहभागिता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## इंजीनियर रशीद संसद सत्र में हिस्सा नहीं ले सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग खारिज कर दी है। कोर्ट ने 5 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब कोर्ट इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत पर 19 मार्च को फैसला सुनाएगा। याचिका में कहा गया था कि सांसद इंजीनियर रशीद निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं, इसलिए उनके प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए संसद की सत्र में हिस्सा लेना जरूरी है। याचिका में कहा गया था कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू हो रहा है।

## कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने सोमवार को महिला कांग्रेस की अन्य सदस्यों के साथ लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। अलका लांबा ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को संसद में पारित होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "यह कानून यूपीए सरकार ने पारित किया था लेकिन इस सरकार ने इसके नाम पर वोट मांगते हुए इसे दस साल तक रोक कर रखा।" उन्होंने कहा, "आज सत्ता में होने के बावजूद, भाजपा ने इस कानून को लागू नहीं किया है। कांग्रेस के विधायक इसे लागू करने के लिए लड़ते रहेंगे।" कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका इरादा हाशिए पर मौजूद महिलाओं की आवाज बनने का है। उन लोगों के लिए खड़े हैं, जो पीड़ित और असहाय हैं। हमारी लड़ाई उनके खोए हुए आत्मविश्वास और सम्मान को बहाल करने के लिए है। उन्होंने कहा कि आज से संसद का सत्र आरंभ हो रहा है, जो लगभग एक महीने तक चलेगा। इस सत्र में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के विधायकों की मांग है कि संसद के सत्र के दौरान महिलाओं के लिए

**मांग**

**अलका ने महिला आरक्षण को संसद में पारित होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन में देरी करने का आरोप लगाया**

बात की जाए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक पारित कर चुकी है लेकिन केंद्र सरकार इसे क्रियान्वित नहीं कर रही है। इसे लेकर कांग्रेस के विधायक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक महिला आरक्षण कानून को लागू करने की मांग करते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी चिंताओं को उठाएंगे। राज्यसभा में हमारी वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी इसकी वकालत करेंगी। लांबा ने कहा कि एक साल पहले उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर महिलाओं की चिंताओं पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया था लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा, "मैं राष्ट्रपति मुर्मु से आग्रह करती हूं कि वह हमसे मिलें, महिलाओं की शिकायतें सुनें और उनके लिए न्याय सुनिश्चित करें।"

## सद्भावना के रंगों और सहयोग की मिठास से मने होली: रविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रविन्द्र इंद्राज ने मंगलवार को आयोजित किये जा रहे होली मिलन एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में सम्मिलित होने का आमजन से आग्रह किया है। होली मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रोहिणी सेक्टर 23 के डीडीए ग्राउंड में किया जा रहा है। होली मिलन एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को समाज कल्याण मंत्री ने निगम पार्षद गण और कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।
इससे पहले रोहिणी सेक्टर 24 में

**आमंत्रण दिया**

**रविन्द्र इंद्राज ने मंगलवार को रोहिणी सेक्टर 23 में आयोजित होली मिलन समारोह का आमंत्रण दिया**

उत्तरांचल धार्मिक, सामाजिक विकास संस्था के होली मिलन समारोह में संस्था सदस्यों की ओर से रविन्द्र इंद्राज सिंह का अभिनंदन किया गया। उन्होंने आमजन से बजट को लेकर संवाद भी किया। आगामी बजट को लेकर संवाद के दौरान श्री रविन्द्र इंद्राज ने कहा की आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनसहयोग से 'विकसित दिल्ली' का लक्ष्य पूरा करेंगे।

## 'महिला सशक्तीकरण के बिना सशक्त भारत की कल्पना अधूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तीकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हमें मिलकर निभाना होगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के बिना सशक्त भारत की कल्पना अधूरी है। विजेंद्र गुप्ता अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एक निजी विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति महिलाओं के बिना संभव नहीं है। महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनकी भागीदारी



के बिना कोई भी राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने इस वर्ष की थीम ह्लएक्सीलेरेट एक्शनह्व का जिक्र करते हुए कहा कि हमें लिंग समानता को तेजी से बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमें महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसरों में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास करने होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय महिलाएं अब केवल घरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे शिक्षा, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, राजनीति और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं और समाज में बढ़ती जागरूकता के कारण महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है।

**विचार**

**कार्यक्रम में महिलाओं की उपलब्धियों, अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए**

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे स्पष्ट है कि भारत अब लिंग समानता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने आंकड़ों के माध्यम से यह दशार्या कि 2014 में लिंगानुपात 918 था, जो 2022 में बढ़कर 933 हो गया है। श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 2017-18 में 23 फीसद थी, जो 2023-24 में बढ़कर 42 फीसद हो गई है।



शाहदरा में झिलमिल एंड फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया, सोसाइटी द्वारा आयोजित होली उत्सव समारोह में सम्मिलित होकर विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने लोगों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## पत्नी की हत्या कर फरार व्यक्ति नौ साल बाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पत्नी की हत्या के मामले में फरार सुनील कुमार उर्फ? शैलेंद्र को नौ साल के बाद गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सुनील कुमार ने खुलासा किया कि उसने रीना नामक युवती से प्रेम विवाह किया था लेकिन विवाह के बाद उनका छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा हो रहा था। झगड़े के कारण उनके रिश्ते में खटास आ गई थी। इससे परेशान होकर उसने तेजधार हथियार से पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया।

## डेटिंग एप के जरिए ठगी करने के मामले में चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने डेटिंग एप के जरिए दोस्ती कर फर्जी डेट करवाकर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए चार लोगों को गिफ्तार किया है। इनकी पहचान राजेंद्र (30), कुलदीप (39), आशीष (21) और दीपक (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपित युवक लड़कियों के नाम पर अपना प्रोफाइल बनाकर डेटिंग एप के जरिए युवकों को अपने जाल में फंसाते थे। बाद में उनको डेटिंग करने के बहाने क्रॉस रिवर मॉल के क्लब में बुलाते थे। वहां



मुलाकात के लिए क्लब वाले बाहर से लड़कियां बुलाकर उनसे मिलवाते थे। उसके बाद उन फंसाए गए युवकों को मोटा बिल थमाते थे। इस काम के लिए आरोपितों को हर दिन के लिए तीन-तीन हजार रुपये मेहनताना मिलता था। पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर इनके बाकी साथियों का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर जिले की एसटीएफ को सूचना मिली थी कि क्रॉस रिवर मॉल के पास बार में कुछ लोग युवकों से चैट कर ठगी करते हैं। सूचना को पुख्ता कर तुरंत एक टीम का गठन किया गया। क्रॉस रिवर मॉल के भीतर छापा मारा

**काबू**

**आरोपित युवक लड़कियों के नाम पर प्रोफाइल बनाकर डेटिंग एप के जरिए युवकों को अपने जाल में फंसाते थे**

गया। मुखबिर ने क्लब के बाहर खड़े चार लड़कों की ओर इशारा कर बताया कि यही ठगी करते हैं। पुलिस ने राजेंद्र, कुलदीप, आशीष और दीपक को दबोच लिया। इनके मोबाइल में डेटिंग एप भी मिले। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि वह डेटिंग एप के जरिए लड़कियों के छद्म नाम से लड़कों से दोस्ती करते हैं।

## गाजीपुर में गोली मारकर युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली जिले के गाजीपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर फूल मंडी के पास बीती रात रोहित (32) नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में आक्रोशित परिजनों ने सोमवार सुबह जाम लगा दिया, जिसे बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर खुलवाया। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने आज यहां बताया कि गाजीपुर गांव का निवासी रोहित बीती रात गोली लगने से घायल हो गया था। उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इसके कारण एनएच-24 पर लम्बा जाम लग गया, और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और जाम खुलवाया। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

**तफ्तीश जारी**

**लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और जाम खुलवाया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है**

## एमके फैजी की ईडी हिरासत तीन दिनों के लिए बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदर जीत सिंह ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी की ईडी हिरासत तीन दिनों के लिए और बढ़ा दी है। एमके फैजी की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया था।
ईडी की ओर से पेश वकील साइमन बेंजामिन और नवीन कुमार माटा ने कहा कि फैजी की हिरासत जरूरी है, क्योंकि अपराध का खुलासा करने के लिए पूछताछ की जरूरत है। ईडी ने कहा कि




दस्तावेजी साक्ष्यों को सामने रखकर फैजी से पूछताछ करनी है। ईडी ने कहा कि अपराध करोड़ों रुपये का है। फंडिंग का मामला है। फैजी की ओर से पेश वकील ने ईडी की हिरासत की मांग का विरोध करते हुए कहा कि फंड ट्रांसफर का मामला 2017 से 2019 के बीच का है, जबकि पीएफआई को 28 सितंबर, 2022 को प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में ये ट्रांसफर अपराध से जुड़ा हुआ कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि फैजी से तीन दिन पूछताछ की गई थी, लेकिन उसके पास से कुछ भी बरामद नहीं किया गया था। ऐसे में उसे गिरफ्तार करने की कोई जरूरत नहीं थी।
कोर्ट ने 4 मार्च को फैजी को आज तक की ईडी हिरासत में भेजा था।

**मुश्किलें**

**ईडी की ओर से पेश वकील साइमन और नवीन कुमार माटा ने कहा कि फैजी की हिरासत जरूरी है**

ईडी ने फैजी को 3 फरवरी की रात को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में जांच के दौरान काफी साक्ष्य मिले हैं और उसी के आधार पर फैजी की गिरफ्तारी की गई है। ईडी के मुताबिक उसने फैजी को पूछताछ के लिए 12 समन भेजे थे, लेकिन वो जांच में शामिल नहीं हुआ।

## स्वाति ने उठाया दिल्ली-गुरुग्राम मेट्रो कनेक्टिविटी का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सांसद स्वाति मालीवाल ने सोमवार को राज्यसभा में दिल्ली-गुरुग्राम मेट्रो कनेक्टिविटी और भारी भीड़भाड़ का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि हर दिन बड़ी संख्या में युवा पेशेवर और कर्मचारी दिल्ली और एनसीआर के बीच सफर करते हैं, लेकिन मौजूदा मेट्रो नेटवर्क अपर्याप्त है, जिससे अत्यधिक भीड़भाड़ और लाखों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। सांसद स्वाति मालीवाल ने सवाल किया कि क्या दिल्ली सरकार ने हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में मेट्रो विस्तार की कोई योजना प्रस्तावित की है। उन्होंने यह भी पूछा कि मौजूदा मेट्रो लाइनों पर ट्रेनों की संख्या और उनकी फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की कोई ठोस योजना है या नहीं, ताकि भीड़भाड़ कम हो और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि एक कॉर्पोरेट कर्मचारी की आधी जिंदगी दिल्ली-गुरुग्राम ट्रैफिक में ही बीत जाती है।

**राज्यसभा**

**मौजूदा मेट्रो लाइनों पर ट्रेनों की संख्या और उनकी फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की कोई ठोस योजना है या नहीं**

# 'अपराध के लिए खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ह्यअपराध के लिए जीरो टोलरेंस की नीति पर काम रही है। अपराधों से निपटने के लिए विशेष इकाइयों का गठन किया है तथा पुलिस बल का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं में वर्ष 2024 में 19.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2023 में जहाँ 11,814 मामले दर्ज किये गए, वहीं वर्ष 2024 में कुल 9,488 मामले दर्ज किए गए। महिलाओं को प्रभावित करने वाले अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने बताया कि बलात्कार के मामलों में 23.3 प्रतिशत की कमी आई है। इसके अलावा, सामूहिक बलात्कार की



घटनाओं में 19.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्ष 141 मामलों के मुकाबले वर्ष 2024 में 113 मामले दर्ज किए गए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि वर्ष 2024 में हत्या के मामलों की संख्या घटकर 966 रह गई, जो 2023 में 1,061 मामले थे इसी तरह, एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामलों में 30.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, जो वर्ष 2023 में हुए 1,514 मामलों की तुलना में वर्ष 2024 में 1,049 मामले हुए। मुख्यमंत्री ने अपराध दर में इस समग्र कमी का श्रेय पुलिस कर्मियों की बढ़ी हुई उपस्थिति के साथ-साथ सतर्क निगरानी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गये अथक प्रयासों को दिया। वर्ष 2019 से दिसंबर 2024 के बीच, हरियाणा में कुल 119,011 एफआईआर दर्ज की गईं, जिनमें हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, अपहरण, डकैती, लूट, महिलाओं के खिलाफ अपराध और

## पिछले 10 वर्षों में मेवात क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है : सीएम

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मेवात क्षेत्र में स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़कों के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है । उन्होंने कहा कि मेवात में विकास को और गति देने के लिए शीघ्र ही मेवात डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज विधानसभा बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे ।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को निशाना बनाने वाले अपराध शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2019 से 2024 तक दर्ज 6,338 हत्या के मामलों में से 95.23 प्रतिशत का निपटारा किया गया, जिसमें 12,966 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह, इसी अवधि के दौरान दर्ज 22,994 अपहरण के मामलों में से 97.67 प्रतिशत का समाधान किया गया। डकैती के मामलों में, पिछले पांच वर्षों में 2,594 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 2,491 मामलों को सुलझाया गया। इसी प्रकार महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 68030 में से 66806 मामलों को सुलझाया गया है जो कि 98.20 प्रतिशत है। इसके अलावा, वर्ष 2019 और वर्ष 2024 के बीच एससी/एसटी अधिनियम के तहत दर्ज 7,779 मामलों में से 97.15 प्रतिशत का भी निपटारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अपराध के लिए जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराध को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने काम कर रही है।

# हुड्डा ने दादूपुर नलवी नहर मामले में विशेषाधिकार हनन लाने पर विचार करने का ऐलान किया

**नहर का मुद्दा**

▶▶ रोहतक की वक्फ की जमीन पर माफिया के कब्जे और दादूपुर नलवी नहर का मुद्दा उठाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस सदस्यों ने रोहतक की वक्फ की जमीन पर माफिया के कब्जे और दादूपुर नलवी नहर का मुद्दा उठाया। इस मामले में कांग्रेस सदस्य संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा के जवाब से असंतुष्ट रहे। बाद में मीडिया से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रोहतक से कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि दोनों मामलों में सरकार ने सही जवाब नहीं दिया। सरकार विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने पर विचार करेगी। हुड्डा और बत्रा ने मीडिया से कहा कि दोनों ही मामलों में सरकार की ओर से दिए गए जवाब में न्यायालय में की गई कार्यवाही पर पल्ला झाड़ लिया गया और कहा कि हमें मालूम ही नहीं बत्रा ने रोहतक स्थित वक्फ की जमीन पर बने जोहड़ को लेकर कहा गया कि वहां जोहड़ नहीं है बत्रा ने जमीन पर बने जोहड़ की फोटो दिखाते हुए कहा कि मंत्री ने सदन में झूठ बोला मंत्री अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बोलते है। बत्रा ने कहा के दोनों ही मामलों में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने पर विचार किया जाएगा। हुड्डा ने कहा कि दादूपुर नलवी नहर कुरुक्षेत्र,अंबाला और यमुनानगर आदि जिलों में भूजल पुनर्भरण के लिए बनाई गई थी लेकिन सरकार की ओर से इस मामले में सही जवाब नहीं दिया गया दूसरे दिन की कार्यवाही में शून्यकाल में सदस्यों को बोलने के लिए दिए जाने वाले अधिकतम तीन मिनट पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि विधायकों की पहले भी कई बार मांग रही है कि विधायकों को मिलने वाले तीन मिनट के समय को बढ़ाया जाए इसको देखते हुए अब ये समय पांच मिनट करने के लिए ये प्रस्ताव पेश कर रहे है। बाद में यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया। रानियां से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने चौधरी चरण सिंह एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हाल ही में वहां के वाइस चांसलर को एमएस स्वामीनाथन अवॉर्ड मिला है, लेकिन ये अवॉर्ड पूरी तरह से फर्जी है। यह पांच हजार रुपए में मिल जाता है। फर्जी अवॉर्ड लेकर बच्चों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। नारनौंद से विधायक जस्सी पेटवाड़ ने कहा कि गांवों में आमतौर पर 400 से 500 रुपए बिजली बिल आता है, लेकिन आज 20 प्रतिशत बिल ऐसे आ रहे हैं जो लाखों रुपए तक पहुंच गए हैं। कई गरीब परिवारों का बिल लाखों रुपए में आया है। इस पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने जवाब देते हुए कहा कि मैं विधायक से ऐसे मामलों की जानकारी लेकर कार्रवाई करूंगा। साथ ही यह भी आश्वासन देता हूं कि इस मामले में जो भी अधिकारी दोषी होगा

## वक्फ बोर्ड की भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि रोहतक गोहाना सड़क स्थित पीर बोधी जगह पर वक्फ बोर्ड की भूमि पर किसी प्रकार का कोई अवैध कब्जा नहीं है । वहां पर किसानों द्वारा पट्टे पर भूमि लेकर खेती की जा रही है। नायब सिंह सैनी आज विधानसभा में बजट सत्र के दौरान विधायक भारत भूषण बत्रा द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर के संबंध में बोल रहे थे। बाड़ी के लिए ऊबड़ खाबड़ भूमि को समतल किया गया है। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करूंगा। इससे पहले प्रश्नकाल में नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद और मंत्री विपुल गोयल में मेवात विकास बोर्ड को लेकर बहस हो गई। अहमद ने कहा कि जिस उद्देश्य से लिए इसका गठन किया गया, अभी तक उस पर कोई काम नहीं हो रहा है। जो बजट आवंटित किया गया, वह पहले से कम है। 2024-25 में बोर्ड के द्वारा विकास कार्यों पर मात्र 6 करोड़ 11 लाख रुपए खर्च किए गए। मंत्री विपुल गोयल ने विधायक के आंकड़ों पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सरकार 14 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### सोनीपत में कमर्शियल फैसिलिटी के अनुसार जल्द ही बस अड्डा बनेगा : विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि सोनीपत में भूमि चिन्हित होने पर कमर्शियल फैसिलिटी के अनुसार जल्द ही बस अड्डा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत के सेक्टर 7 में जिस भूमि का निर्धारण किया गया था, वह भूमि 8.86 एकड़ है जिसमें से 4.6 एकड़ भूमि ग्रीन बेल्ट की है तथा शेष भूमि के बीच में से सेक्टर की सड़क निकलती है तथा इसी भूमि के ऊपर से हाई टेंशन तार भी निकलती है। उन्होंने बताया कि चार एकड़ भूमि के अंदर जिला का बस अड्डा नहीं बनाया जाता जबकि जिला का बस अड्डा बनाने के लिए कम से कम 10 एकड़ भूमि होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सोनीपत के विधायक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके बिना किसी विवाद और बिना किसी ग्रीन बेल्ट की भूमि को चिन्हित करके बस अड्डा बनाने में अपना सहयोग दे सकते हैं और सरकार द्वारा जल्द ही एक वाणिज्यिक सुविधा अनुसार बस अड्डा सोनीपत में बनाया जाएगा।

### नारनौल में राजकीय पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक का निर्माण किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ , 10 मार्च - हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल में राजकीय पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक का निर्माण किया जाएगा जिस पर 10.81 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कृषि मंत्री आज सदन में एक सदस्य द्वारा उठाये गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्याम सिंह राणा ने बताया कि राजकीय पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक के निर्माण के लिए आवश्यक 3 एकड़ भूमि उपलब्ध है। पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) विभाग ने राजकीय पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक, नारनौल के लिए 10.81 करोड़ रुपये की राशि का अनुमान तैयार किया है। इसका निर्माण आगामी वित वर्ष 2025-26 में किया जाएगा।

### पराली न जलाने के लिए कुल 373 किसानों को प्रोत्साहन राशि दे दी : श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सरकार द्वारा धान की पराली/अवशिष्ट न जलाने के लिए वर्ष 2022-23 के लिए पात्र कुल 373 किसानों को प्रोत्साहन राशि दे दी गई है कृषि मंत्री आज सदन में एक सदस्य द्वारा उठाये गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 के दौरान इस क्षेत्र के कुल 561 किसानों ने विभागीय पोर्टल पर फसल अवशेष प्रबंधन के लिए ?1000 प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु पंजीकरण कराया था, जिनमें से कुल 373 किसानों के आवेदन को स्वीकृत किया गया और सभी स्वीकृत मामलों में किसानों के खातों में सब्सिडी प्रदान कर दी गई है।

### 63 गौशालाओं के शेड के लिए भी सरकार ने मंजूरी प्रदान की : पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 63 गौशालाओं के शेड के लिए भी सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। विकास एवं पंचायत मंत्री आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में शून्य काल के दौरान उठाए गए विषय पर जवाब दे रहे थे। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आवारा गोवंशी के लिए सरकार ने मेरे विधानसभा क्षेत्र में 50 एकड़ में नंदीशाला बनाई गई है जिसमें लगभग 3500 से 4000 नंदियों को रखा गया है और उनकी पूरी देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गौ - सेवा आयोग के बजट में वृद्धि करते हुए लगभग 500 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।

# दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में कोई भी आदेश पारित नहीं किया गया : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में कोई भी आदेश पारित नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील विषय है और इस पर विपक्ष द्वारा राजनीति भी लगातार हो रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों के समय ही इस नहर के संबंध में



एक्ट भी पारित किया गया था । उन्होंने कहा कि महाधिवक्ता, हरियाणा ने माननीय उच्च न्यायालय के फैसले पर अपनी राय दी है कि यह मामला भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एसएलपी दायर करके चुनौती देने योग्य है। एसएलपी की तैयारी प्रक्रियाधीन है और महाधिवक्ता, हरियाणा से इसकी जांच कराने के बाद इसे जल्द ही प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

# जघन्य अपराध में शामिल 542 मोस्ट वांटेड को गिरफ्तार किया : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** संगठित अपराध से निपटने के लिए गठित हरियाणा की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने वर्ष 2020 से 2024 के बीच न केवल अपहरण, कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, जबरन वसूली, लूट और डकैती जैसे अपराध करने वाले गिरोहों पर लगाम लगाई है, बल्कि जघन्य अपराध में शामिल 542 मोस्ट वांटेड अपराधियों, 256 गैंगस्टर/गैंग सदस्यों और 1199 अन्य अपराधियों सहित कुल 1997 आरोपियों को गिरफ्तार करके बेहतरीन प्रदर्शन भी किया

**कार्रवाई**

▶▶ संगठित अपराध में शामिल विभिन्न गिरोहों और अपराधियों पर लगातार बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही

है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान उठाए गए एक प्रश्न के उत्तर में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एसटीएफ द्वारा राज्य भर में संगठित अपराध में शामिल विभिन्न गिरोहों और अपराधियों पर लगातार बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। एसटीएफ ने 2020 में 325 अपराधियों को, 2021 में 227 को, 2022 में 388 को, 2023 में 421 को और 2024 में 636 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके अंजाम तक पहुंचाया है । मोस्ट वांटेड अपराधियों और गैंगस्टरों को पकड़ने के साथ साथ, एसटीएफ ने काबू किए अपराधियों के कब्जे से 217 पिस्तौल, 7 रिवॉल्वर, 272 देसी पिस्तौल, 47 मैगजीन और 2,000 से अधिक कारतूस सहित बड़ी मात्रा में अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

## पिछले 3 वर्षों में कुल 2054.61 करोड़ रुपए जारी किये गए : आरती

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना" तथा चिरायु योजना के लाभार्थियों के निःशुल्क इनडोर स्वास्थ्य देखभाल हेतु पिछले 3 वर्षों में कुल 2054.61 करोड़ रुपए जारी किये गए हैं।
कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि फिलहाल "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना" के तहत 12,12,922 परिवार तथा चिरायु योजना के तहत 28,08,763 परिवार पंजीकृत हैं।

# यूनिवर्सिटी की नियुक्तियों के उपर श्वेत पत्र जारी करे : अर्जुन



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** शून्यकाल में रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला ने हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर द्वारा 5000 रुपए में खरीदे गए स्वामीनाथन अवार्ड की गलत सूचना देने और महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के अंदर एमबीबीएस के पेपर लीक का मुद्दा पूरे जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि एचएयू के वाइस चांसलर ने बेहद प्रतिष्ठित स्वामीनाथन अवार्ड को उन्हें मिलने का गलत तरीके से भ्रामक प्रचार किया। जबकि सच्चाई यह है कि यह एक फर्जी अवार्ड है जिसे वाइस चांसलर ने एक अनाधिकृत संस्था एग्रीमेट फाउंडेशन से 5000 रुपए में खरीदा और इसका भ्रामक प्रचार किया। असली स्वामीनाथन अवार्ड जो कि कृषि विज्ञान उन्नति ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा दिया जाता है जो आजतक सिर्फ 13 लोगों को दिया गया है। लेकिन उन 13 लोगों में एचएयू के वाइस चांसलर का नाम नहीं है। विडंबना यह है कि इसकी तारीफ मुख्यमंत्री तक ने की और इस

**मांग**

▶▶ स्वामीनाथन अवार्ड की गलत सूचना देने और एमबीबीएस के पेपर लीक का मुद्दा पूरे जोरशोर से उठाया

भ्रामक प्रचार को बीजेपी सरकार ने भी आगे बढ़ाया। सूचना विभाग की वेबसाइट पर डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जो इंसान अपनी सही योग्यता लोगों को नहीं बता सकता तो वो आदमी किसी भी उच्च पद के लायक नहीं है। ये जो खुद की तारीफ करने के लक्षण हैं वो एक आत्ममुग्ध इंसान के लक्षण होते हैं। ऐसे व्यक्ति को वाइस चांसलर के लिए 4 साल के लिए और विस्तार देना ये सरकार और यूनिवर्सिटी के लिए ही नहीं बल्कि लाखों बच्चों के लिए भी गलत संदेश देने का काम करता है। एचएयू के वीसी पर कार्रवाई करते हुए सरकार को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए।

# मानदंड को पूरा करने के बाद चालू होगा भागल सब-डिवीजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि भागल सब-डिवीजन 15,000 से 20,000 तक उपभोक्ताओं के अपेक्षित मानदंड को पूरा करने के बाद चालू हो जाएगा। विज ने यह जानकारी हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान लगाए गए एक प्रश्न के उत्तर में दी।
उन्होंने बताया कि भागल सब-डिवीजन का निर्माण कार्यालय आदेश दिनांक 15.02.2021 के तहत किया गया था। हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एच.बी.पी.ई.) द्वारा विधिवत रुप से स्वीकृत कार्यालय आदेश संख्या 787/यूएच/जीए-



842/एफओ/कैडर/वॉल्यूम-1 दिनांक 15.02.2021 के तहत प्रसारित मानदंडों के अनुसार, नया सब-डिवीजन ग्रामीण/शहरी सब-डिवीजन में सामान्य रूप से 15,000 से 20,000 तक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करेगा और वर्तमान में, भागल सब-डिवीजन अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करता, अर्थात मौजूदा कनैक्शन 15,000 से कम है। वर्तमान समय में, भागल सब-डिवीजन क्षेत्र में (05.03.2025 तक) 12,764 उपभोक्ता हैं। उन्होंने बताया कि एस.ई./ऑपरेशन सर्कल, यू.एच.बी.वी.एन.एल., कैथल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, भागल सब-डिवीजन के काम-काज के संबंध में घग्गर और कुरुक्षेत्र के कई गांवों के निवासियों से कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं हुआ है।

**अपेक्षित**

▶▶ भागल सब-डिवीजन का निर्माण कार्यालय आदेश दिनांक 15.02.2021 के तहत किया गया था

# राज्य प्रदूषण बोर्ड की कुल 81 स्टोन क्रैशर चल रहे : राव नरबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़ः हरियाणा के पर्यावरण, वन तथा वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि महेन्द्रगढ़ के नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा राज्य प्रदूषण बोर्ड की कुल 81 स्टोन क्रैशर चल रहे हैं।
राव नरबीर सिंह हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक श्रीमती मंजू चौधरी द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में सभी स्टोन क्रैशर निर्धारित पर्यावरण मानकों



की पालना कर रहे हैं। 15 स्टोन क्रैशर 2 वर्ष पहले पर्यावरण मानकों की पालना न करने के दोषी पाए गए थे। इनमें से 3 स्टोन क्रैशर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बंद कर दिए गए थे। इसके अतिरिक्त, बाकि 12 स्टोन क्रैशरों को जुमार्ना जमा करवाने तथा अपेक्षित वायु प्रदूषण नियंत्रण यंत्र लगाने की पालना करने के बाद क्रैशर शुरू करने की अनुमति दी गई थी।

# प्रदेश की कानून व्यवस्था की हालत बेहद दयनीय है : अदित्य देवीलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** विधानसभा में इनेलो पार्टी के विधायक दल के नेता अदित्य देवीलाल ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान हरियाणा में 2019 से 2024 तक महिलाओं और अनुसूचित जाति के लोगों के विरूद्ध घटित अपराध जिसमें हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, अपहरण, डकैती और लूटपाट के दर्ज किए मामलों की संख्या और व्यापारियों तथा आम जनता की सुरक्षा के लिए बनाई गई कोई योजना पर प्रश्न पूछते हुए कहा कि यह सारा मामला गृहमंत्री से संबंधित है और जवाब में बताया गया कि क्राइम को रोकने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की हुई है। लेकिन अगर टास्क फोर्स ही क्राइम करने लग जाए तो फिर उसको कौन रोकेगा?



प्रदेश की कानून व्यवस्था की हालत बेहद दयनीय है। चूंकि कानून व्यवस्था बनाए रखने का काम सरकार का है और आज जो हालात हरियाणा की कानून व्यवस्था के हैं तो क्या सरकार उसमें कोई संजीदगी रखती है और कोई जवाबदेही तय की गई है? शून्यकाल के दौरान बोलते हुए अदित्य देवीलाल ने कहा कि आज सबसे ज्यादा अगर कोई भयभीत है तो वो किसान है। सरकार की गलत नीतियों के कारण गलत सिंचाई व्यवस्था को लेकर सबसे ज्यादा मार किसानों को पड़ रही है। भाजपा सरकार की मेरा पानी मेरी विरासत योजना फेल साबित हो चुकी है। लगातार तीसरी बार की बीजेपी

**उठाए सवाल**

▶▶ अगर टास्क फोर्स ही क्राइम करने लग जाए तो फिर उसको कौन रोकेगा? कानून व्यवस्था की हालत बेहद दयनीय है

सरकार एक योजना ऐसी बता दे कि किसानों को ज्यादा पानी मुहैया करवाने का काम किया हो। कोई नए स्त्रोत पानी के उत्पन्न किए हों। भूजल संकट पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले भविष्य में जमीनी पानी बहुत नीचे चला जाएगा। इसलिए जितनी भी योजनाएं बरसाती पानी और नहरी सिंचाई से संबंधित हैं उनको बढ़ाना चाहिए। खेती करने के लिए किसानों को सिंचाई के पानी की सख्त जरूरत है लेकिन बीजेपी सरकार ने दादूपुर नलवी नहर जो स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने बनाई थी उसे उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद भी तमाम सारे हथकंडे अपनाकर बंद करवा दिया। एसवाईएल के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला हरियाणा के हक में आ गया तो पंजाब के सारे दल उसके खिलाफ एक हो गए लेकिन बीजेपी की तीसरी बार की सरकार ने आज तक कोई कदम नहीं उठाया। एसवाईएल के पानी के लिए सभी दलों को राजनीति से उपर उठकर हरियाणा के हितों के बारे में सोचना चाहिए। अगर एसवाईएल का पानी मिलेगा तो किसान को ज्यादा सिंचाई के लिए पानी मिलेगा जिससे उसकी ज्यादा फसल होगी।

# प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए जनता से वोट अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। विधानसभा** चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को एतिहासिक जीत दिलाने के बाद सीएम नायब सैनी और भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की जोड़ी ने निकाय चुनाव में भी अपना पूरा दमखम दिखाया। निकाय चुनाव में सीएम सैनी और अध्यक्ष बड़ौली की सभी निकायों में सबसे ज्यादा डिमांड रही। भाजपा के सभी प्रत्याशी इन दोनों नेताओं के अपने क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित रहें। इस जोड़ी ने प्रदेश के 10 नगर निगमों सहित 35 निकायों में हुए चुनाव में पूरी ताकत के साथ भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में ताबड़तोड़ 200 से ज्यादा चुनावी सभाओं और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। नायब सैनी और मोहनलाल बड़ौली ने अलग अलग निकायों में नामांकन सभाए, रैलियाँ, रोड शो, और जनसभाएं कर प्रदेश में ट्रिपल



इंजन की सरकार बनाने के लिए जनता से वोट अपील की।
5 फरवरी को चुनावी कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद से ही पार्टी, नायब सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल की सफलता और मोहनलाल बड़ौली की अध्यक्षता में "मिशन ट्रिपल इंजन सरकार" में जुट गई। दोनों नेताओं ने पहले टिकट वितरण के लिए मैराथन बैठकें ली, और टिकट वितरण के बाद अलग अलग निकायों में जाकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए नामांकन सभाओं और चुनावी कार्यालयों के उद्घाटन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। लगभग 25 दिन के इस चुनावी कार्यक्रम में इस जोड़ी ने दस से ज्यादा प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में भाग लिया, 10 से अधिक उम्मीदवारों के चुनावी कार्यालयों का शुभारंभ किया, पूरे चुनाव के दौरान सीएम और अध्यक्ष ने अलग अलग कई मीडिया हाउस को इंटरव्यू दिए, 150 से ज्यादा छोटी बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया, पाँच से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, प्रदेश के कई बड़े नेताओं को पार्टी भी जॉइन करवाई गई। दोनों नेताओं ने सोनीपत, गुडगांव सहित कई नगर निगम में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। पार्टी अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने पार्टी मुख्यालय रोहतक में संकल्प पत्र जारी किया इसी तरह फरीदाबाद और मानेसर नगर निगम के संकल्प पत्रों का विमोचन कर जनता से केंद्र, प्रदेश के बाद शहर की सरकार बनाने के लिए सहयोग मांगा। आँकड़े बताते है कि दोनों दिग्गजों की इस जोड़ी ने पूरे चुनाव में लगभग सभी निकायों मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और मेयर, चेयरमैन के लिए वोट मांगे। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली तो मेयर, चेयरमैन के अलावा पार्षद उम्मीदवार तक के लिए वोट मांगने उनके वार्ड में गए और डोर टू डोर कैम्पेन किया। इस पूरे चुनाव में सीएम नायब सैनी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की सबसे ज्यादा डिमांड रही। पार्टी के सभी प्रत्याशी पूरे चुनाव में इस जुगत में लगे रहे कि किसी भी तरह ये दोनों नेता या इनमें से कोई एक उनके क्षेत्र में आकर उनके लिए चुनाव प्रचार करें। एक तरफ नगर निकाय चुनाव में इन दोनों नेताओं की सक्रियता ने एक बार फिर से इस जोड़ी को चर्चा में ला दिया है। वहीं, दूसरी तरफ कॉंग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और कॉंग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता इस पूरे चुनाव में नदारद रहे उनकी उपस्थिति इस चुनाव में ना के बराबर रही। राजनीतिक जानकार कहते है कि भाजपा और कॉंग्रेस में यही अंतर है, भाजपा सभी चुनावों को गंभीरता से लड़ती है जबकि कॉंग्रेस आपसी गुटबाजी में उलझी रहती है। बहरहाल, होली से दो दिन पहले 12 मार्च को निकाय चुनाव के नतीजे आ जाएंगे, अब देखना होगा कि नायब सैनी और मोहनलाल बड़ौली की राजनीतिक जोड़ी की मेहनत का रंग एक बार फिर निखरेगा या इस बार बिखर जाएगा।

# भाकियू की बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से की समस्याओं के समाधान की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । भारतीय किसान यूनियन (अ) के जिला अध्यक्ष** जयभगवान मलिक (सूबेदार भूतपूर्व) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दर्जनों किसानों ने भाग लिया और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विभिन्न प्रस्ताव पारित किए। बैठक के बाद गन्नौर के नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों ने सरकार से मांग है कि गांव पुरखास राठी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण करवाया जाए।। स्टेडियम के निर्माण का कार्य गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है, उसके कारण निर्माण का काम रुका हुआ है उसे कब्जा मुक्त करवाया जाए। गांव वलीकुतुबपुर में एक माह पहले सरपंच द्वारा बड़ के पेड़ को उखाड़ कर दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया उसमें किसी की भी परमिशन नहीं ली। बिना परमिशन के पेड़ उखड़ने पर सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा 8 मार्च को ऑक्सीजन बाग में लगे पीपल व बड़ के पेड़ भी जलाए गए, इसकी जांच करवाई जाए। तीसरी मांग किसानो ने कहा कि किसानों की सरसों की फसल पककर तैयार है। किसान द्वारा अनाज मंडी में लेकर आने पर किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए उसे खरीदा जाए। इसके अलावा गांव उदयपुर में ड्रेन की पुलिया टूटी हुई है उसे जल्दी ठीक करवाया जाए। गांव शेखपुरा के तालाब पर गांव के कुछ आदमी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है वह तालाब को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया जाए । बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले गंदे पानी के कारण आसपास के गांव का पानी दूषित हो रहा है, इस पर अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए। गाँव पुगथला से गन्नौर तक निर्माणधीन सड़क का कार्य जल्दी पूरा करवाया जाए। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इनमें से कई समस्याओं को लेकर उपमंडल अधिकारी नागरिक को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ । इस मौके पर सतपाल, ओम प्रकाश बजाना, राजेन्द्र सरोहा बली, रमेश, जगवीर पुरखास, राजसिंह डवरपुर, वलजीत , पूर्व जिला प्रधान रोहतास शेखपुरा आदि मौजूद थे।

# होली मिलन समारोह में पहुंचे निदेशक बोले - बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली

**टीम एक्शन इडिया**
**राई । कुंडली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा सोमवार** को कुंडली एचएसआईआईडीसी के सभागार में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संगठन के प्रधान सुभाष गुप्ता, अरविंद चौधरी, धीरज चौधरी ने संगठन के सभी सदस्यों का स्वागत किया ।

**कार्यक्रम में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान**

कुंडली के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने शिरकत की । डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियो को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली शांति और सौहार्द का प्रतीक है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व है, जिसमें भारतीय संस्कृति की



झलक दिखती है।। उन्होंने होली को मनमुटाव दूर करने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि होली के रंग जीवन को सतरंगी बनाते हैं। इस आयोजन को आपसी सौहार्द बढ़ाने का माध्यम बताया। एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता, अरविंद चौधरी, धीरज चौधरी ने कार्यक्रम में आने पर सभी का आभार व्यक्त किया। सुभाष गुप्ता ने कहा कि उनकी एसोसिएशन द्वारा हर साल होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है । इसी के माध्यम से सभी उद्योगपतियों को आपस में मिलने का अवसर मिल जाता है। इस मौके पर प्रवीण जैन , के के गोयल, अजय जैन,धीरज चौधरी ,नरेश मित्तल ,वेद प्रकाश गुप्ता, अखिल आनंद , टीना खंडेलवाल, उत्कर्ष गर्ग,अरविंद चौधरी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे ।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में रही फाल्गुन महोत्सव की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शहर की** पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को मंदिर में आमलकी एकादशी बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई। एकादशी के मौके पर बाबा श्याम के मंदिर व स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। भक्तजन बाबा श्याम के भजनों पर जमकर झूमे। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को आमलकी एकादशी महत्व बताया गया।

# जैन गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने मनाया रंगोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जैन गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने फूलों व रंगों के साथ होली का त्यौहार मनाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज व प्राध्यापिकाओं को छात्राओं ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद लिया । डॉ मनोज ने बताया कि बेटियां रंगे बिना छोड़ती ही कहाँ हैं । उन्होंने कहा कि हर त्यौहार की रौनक बेटियों से ही होती है , वो बड़ी ही भाग्यशाली हैं कि इतनी सारी बेटियों के मुँह पर मुस्कान ला पाते हैं। छात्राओ ने बताया कि होली का पर्व एक साल बाद आता है। इस दिन को वह अपने सहपाठियों के साथ मनाना ज्यादा पसंद करते हैं। होली से पहले छुट्टियां होने के कारण वह अपने सहपाठियों के साथ होली खेलने से वंचित न रहें। इसके लिए उन्होंने इस त्योहार की शुरूआत ही सहपाठियों के साथ की। त्योहार पर एक दूसरे के साथ विरोध को भुलाकर आपस में रंग व गुलाल लगाया, ताकि खुशियों का यह त्योहार हर किसी के लिए बरकरार रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें सही मार्गदर्शन की है आवश्यकता



**गन्नौर ।** पुरखास गांव के खेल स्टेडियम में फाल्गुन माह की एकादशी के पावन अवसर पर विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आसपास व दूर-दराज से अलग-अलग वर्गों के 400 पहलवानों ने दांव-पेंच से दर्शकों का दिल जीत लिया। कुश्ती में जबरदस्त उठापटक को देखकर दर्शक भी रोमांचित हो उठे। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने किया तथा स्पर्धा में हिस्सा ले रहे पहलवानों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। स्पर्धा में 90 केजी में आयुष बैंयापुर, 76 केजी में यश मिर्चपुर, 58 केजी में आदित्य भगत सिंह अकादमी, 48 केजी में आर्यन जुवान, 44 केजी में माणिक चुलकाना, 38 केजी में रूपेश जुआं, 34 केजी में नैतिक मोखरा, 30 केजी में प्रिंस मोखरा, 28 केजी में कुश पुरखास विजेता रहे और विधायक कादियान ने इनाम देकर सम्मानित किया। विधायक कादियान ने कहा कि कुश्ती मिट्टी से जुड़ा खेल है। इससे भारत की पहचान है। कुश्ती को हर स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। हर बच्चे के माता-पिता को भी बच्चे की रूचि के अनुसार उसे खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रति प्रेरित करना चाहिए। कादियान ने कहा कि पुरखास गांव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी दिए है, खेल समापन पर आयोजकों ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सतीश, सुनील सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच नरेश, सरपंच बहादुर पहलवान, देवेंद्र सरोहा आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थी जूनियर प्ले स्कूल ने मनाया अपना वार्षिक दिवस




**सोनीपत विद्यार्थी जूनियर (सरकारी मान्यता प्राप्त** प्ले स्कूल), रविवार , 10 मार्च 2025 को वार्षिक दिवस व बेबी शॉ "सपनों की उड़ान" थीम पर मनाया गया। वार्षिक दिवस व बेबी शो में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे उनका आत्मविश्वास झलका। मुख्य अतिथि श्रीमती गीता गहलावत (डीपीओ) प्रमुख समाज सेवी हरिओम शर्मा, रमेश लाटा, आदि ने प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए और अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास के लिए मान्यता प्राप्त प्ले स्कूलों में प्रवेश के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। क

### स्थानीय निकाय चुनाव के लिए काउंटिंग स्टाफ की हुई द्वितीय रेंडमाइजेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। स्थानीय निकाय** चुनावों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ करवाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में निकाय चुनाव के लिए काउंटिंग स्टॉफ की दूसरी रैंडमाइजेशन की गई।

# नैनो उर्वरक जागरुकता अभियान: खेत दिवस का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इफको करनाल** द्वारा सोमवार को ग्राम निगदू के किसान प्रिन्स राणा के खेत पर नैनो उर्वरक जागरुकता अभियान के अन्तर्गत खेत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी निगदू डॉ जसविंदर सिंह, सहित 60 किसानों ने भाग लिया।
वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, इफको डा.निरंजन सिंह ने इफको नैनो यूरिया प्लस के महत्व के बारे में किसानों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया की 500 एमएल की एक बोतल दानेदार यूरिया के एक 45 किलो के बोरे के बराबर कार्य करती है व इसका प्रयोग फसलों पर स्प्रे के रूप में किया जाता है। इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। यूरिया की तरह नैनो यूरिया भूमिगत जल, जमीन व वातावरण को प्रदूषित नहीं करता। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया जहां यूरिया का विकल्प तो है ही, साथ ही इससे पैदावार में बढ़ोतरी भी होती है। यह सूक्ष्म पोषक तत्वों की दक्षता और उपलब्धता को बढ़ाता है। उन्होंने नैनो डीएपी पर चर्चा करते हुए बताया कि नैनो डीएपी भी परंपरागत डीएपी का विकल्प है व यह भी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में कारगर है। नैनो डीएपी परंपरागत डीएपी से सस्ता है। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी 500 मिली एक एकड़ में प्रयोग होता है, जो 250 मिली मात्रा बीज (5 मिली प्रति किलो बीज) या कंद, पनीरी, पौध (5 मिली प्रति लीटर पानी) में इस्तेमाल होगा व बचे हुए 250 मिली नैनो डीएपी 125 लीटर पानी में मिलाकर 30-35 दिन की फसल पर स्प्रे करना होगा। नैनो डीएपी से बीज उपचार करने से फसल में अंकुरण प्रतिशत में बढ़ोतरी होती है व अंकुर जल्दी विकास करता है।

# खरखौदा की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए सहयोगी बने कंपनियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा(सोनीपत) : स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि आईएमटी खरखौदा में मारूति-सुजुकी व मिंडा जैसी विश्वविख्यात कंपनियों के आने से खरखौदा को विश्व में अलग पहचान मिली है यह क्षेत्र आने वाले दिनों में औद्योगिक हब बनेगा। उन्होंने कहा कि खरखौदा को औद्योगिक पहचान देने के साथ-साथ स्वच्छता में भी पहचान दिलाने के लिए सभी व्यापारिक संगठनों का सहयोग जरूरी है इसलिए सभी कंपनियों का दायित्व बनता है कि हम खरखौदा को स्वच्छ व साफ-सूथरा बनाने में प्रशासन के साथ मिलकर अपना सहयोग करें। ताकि स्वच्छता के क्षेत्र्र में खरखौदा दूसरे शहरों के लिए उदाहरण बन सके। स्वच्छता सर्वेक्षण में खरखौदा को अव्वल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र




ने आईएमटी खरखौदा का दौरा करते हुए मिंडा कंपनी के अधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंनें कहा कि मारूति-सुजुकी व मिंडा जैसे कंपनियां देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने व भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी बदौलत ही भारत आने वाले कुछ समय में दुनिया की 03 अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने मिंडा कंपनी के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शहर में स्वच्छता को लेकर सहयोग करें ताकि हम अपने शहर को साफ-सूथरा बना सके। वाईस चेयरमैन ने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसपर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही स्वच्छता अभियान की शुरूआत की क्योंकि उनका मानना था कि देश व समाज की मजबूती व समृद्धि के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है क्योंकि अगर हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ व सूथरा होगा तो हमें बिमारियों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संगठन अपने सहयोग से शहर में स्थित मुख्य चौक-चोराहों का सौंदर्यकरण करवा सकते हैं। शहर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न एनजीओ के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चला सकते हैं। शहर में पार्कों का निर्माण करने के साथ-साथ सफाई के अन्य साधन भी उपलब्ध करवा सकते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यापरिक संगठन इस क्षेत्र के एक गांव को गोद ले सकते हैं और उसमें विकास व स्वच्छता को लेकर कार्य करवाएं ताकि वह दूसरों के लिए भी उदाहरण बन सके। बैठक के बाद वाईस चेयरमैन ने मिंडा कंपनी का दौरा करते हुए वहां बनने वाले पार्टस के बारे में जानकारियां ली। इस दौरान बीडीपीओ आस्था गर्ग, एचएसआईआईडीसी के एक्सईएन जगदीश कादियान, मिंडा कंपनी के प्लांट हैड सुरेन्द्र व एचआर विनय दहिया, नगर पालिका खरखौदा के सचिव पंकज जून, एसडीओ ब्रिजेश हुड्डा, जनस्वास्थ्य विभाग से एसडीओ सुदेश, बिजली विभाग से जेई नितेश सैनी सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सरसों खरीद समस्या को लेकर तहसीलदार ने ली पटवारियो की बैठक

**टीम एक्शन ंडिया**
**गन्नौर। भारतीय किसान** मजदूर यूनियन प्रदेश महासचिव वीरेंद्र पहल ने सरसों की सरकारी खरीद में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज होने के बाद भी किसानों को ई खरीद का गेट पास मिलने में दिक़्कत ना आए। इसी को लेकर तहसीलदार व नायब तहसीलदार से ज्ञापन देकर समाधान की मांग की। उसके बाद समस्या के समाधान को लेकर तहसीलदार ने पटवारीयों के साथ बैठक की। तहसीलदार ने गंभीरता से किसानो की समस्याओं पर विचार किया और सभी पटवारियों को निर्देश दिये की 15 तारीख को खरीद शुरू होनी है उससे पहले किसी तरह की कोई कमी है तो तुरंत संज्ञान में लाए । किसानों की



समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ।

**किसानो की फसल के साथ सरकारी षड्यंत्र बिल्कुल सहन नहीं : पहल**

किसान नेता वीरेंद्र पहल ने जारी बयान में बताया कि कृषि विभाग और रिवन्यू विभाग के सर्वे,गिरदावरी रिपोर्ट का मिलान होने में असमंजस या अन्य कारणों से फसल वेरिफाई ना होने के कारण ई खरीद का गेट पास नहीं मिलता । मंडी में सरसों ले जाने के बाद भी कई कई दिनों तक किसानों को ई खरीद का गेट पास ना मिलने के कारण किसानों को मजबूरन अपनी फसल ओने पौने दामों पर प्राइवेट में आढ़तियों को बेचनी पड़ती है ।
जिससे सरकार सरसों को एमएसपी पे खरीदने की बात तो करती है लेकिन इस तरह किसानो को जानबूझकर कागजों में उलझाकर प्राइवेट में फसल बेचने को मजबूर करती हैं और खुद एमएसपी पर खरीद से बच जाती है । किसानो की फसल के साथ सरकारी षड्यंत्र बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा, जिसके लिए भारतीय किसान मजदूर यूनियन को कोई भी कदम उठाना पड़ा तो देर नहीं लगेगी ।

# इंटरनेशनल वूमेन डे पर सशक्त महिलाएं आइकॉन अवॉर्ड से हुई सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में इंटरनेशनल वूमेन डे के अवसर पर वूमेन आइकॉन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर्स मीट का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर वूमेन आइकॉन अवॉर्ड से प्रियंका गोयल, रेनू शर्मा, गुंजन भटनागर, किरण बाला, दीपा खन्ना, मीनाक्षी शर्मा, अनिता राही, शशि शर्मा, अमिता कौशिक, नेहा गेरा, डॉ स्वर्णलता काठपाल, ममता सूरी, सबनूर, निक्की कौल, सावी चौधरी, मीनाक्षी भटनागर,




रीता मदान, अनिता भारद्वाज,योगिता रानी, रेखा, हरप्रीत कौर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टॉप लीडर अवॉर्ड से अजय कुमार, शिव लाल मेहता, अश्वनी मेहता, शहजाद सिंह, सुदर्शन कंसल, हरप्रीत सिंह वालिया, नवीन वर्मा, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, जगमोहन सिंह, करम सिंह लांगयान, अनीश अरोड़ा, राजीव कुमार, राम किशन मंडल, सचिन शर्मा, डॉ दिनेश गोयल, प्रवीण वर्मा, कृष्ण कुमार, शम्मी, राकेश कौल, दलबीर सिंह, बीरबल, साहिल गेरा, इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर अजीत राही, इंटरनेशनल डायरेक्टर संदीप कुमार एवं नैशनल डायरेक्टर हरीश वधावन को अवॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

# चिंता का बड़ा कारण है मोटापे से जूझती आबादी

राजेश माहेश्वरी

> रिसर्चर्स ने चेतावनी दी है कि हर देश में बच्चों का वजन पिछली पीढ़ियों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है और मोटापे से ग्रस्त होने की उम्र और कम होते जा रही है। इससे कम उम्र में टाइप 2 मधुमेह (डायबिटीज), हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और कैंसर होने का खतरा बढ़ रहा है। उदाहरण से देखिए। उच्च आय वाले देशों में, 1960 के दशक में पैदा हुए लगभग 7 प्रतिशत पुरुष 25 वर्ष की आयु तक मोटापे से ग्रस्त थे. लेकिन 1990 के दशक में पैदा हुए पुरुषों के लिए यह आंकड़ा बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया, और 2015 में पैदा हुए पुरुषों के लिए इसके 25 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।
> रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि मोटापे और वजन की समस्या इसी तरह बढ़ती रही तो वर्ष 2050 तक दुनियाभर में 25 साल से ज्यादा उम्र के 380 करोड़ लोग मोटापे का शिकार होंगे

**यदि** बचपन में मोटापे की महामारी अनियंत्रित रही, तो यह हमारे कई बच्चों को कम उम्र तक ही जीने देगी, यह उनके खराब स्वास्थ्य से होने वाले भावनात्मक और वित्तीय बोझ का कारण बनेगी। यह बात महान फिजिशियन और अमेरिका के 17वें सर्जन जनरल, रिचर्ड कामोर्ना ने कही थी। मोटापे की महामारी की भयावहता पर उनकी इस बात को एक लेटेस्ट स्टडी ने भी दोहराया है। इस स्टडी के अनुसार यदि सरकारों ने कदम नहीं उठाया तो साल 2050 तक दुनिया के सभी वयस्कों (एडल्ट) में से लगभग 60 प्रतिशत और सभी बच्चों में से एक तिहाई अधिक वजन वाले होंगे या मोटापे से जूझ रहे होंगे। पीएम मोदी ने मन की बात के ताजा संस्करण में मोटापे की बढ़ती बीमारी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की थी। असल में पीएम मोदी देश के नागरिकों की सेहत को लेकर इसलिए चिंतित दिखाई देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि देश को तभी विकसित और मजबूत स्वस्थ नागरिकों के दम पर ही बनाया जा सकता है। पीएम मोदी के अलावा ओलम्पियन एथलीट नीरज चोपड़ा ने भी मोटापे को लेकर देशवासियों खासकर युवाओं को आगाह किया था। पीएम मोदी के मन की बात के बाद से देश में मोटापे की बढ़ती बीमारी को लेकर चर्चा परिचर्चा का दौर शुरू हुआ है। जो सुखद संकेत माना जा सकता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ) के अनुसार मोटापा एक पुरानी जटिल बीमारी है जो अत्यधिक फैट जमा होने से परिभाषित होती है। यह स्वास्थ्य को खराब कर सकती है। मोटापे से टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है, यह हड्डियों के स्वास्थ्य और प्रेग्नेंसी को प्रभावित कर सकता है। इससे कुछ कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। मोटापा जीवन जीने की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, जैसे सोना या चलना। डब्ल्यूएचओ के अनुसार अगर किसी व्यस्क में बॉडी मास इंडेक्स यानी वजन और लंबाई का अनुपात 25 या उससे अधिक है, तो उसे बढ़ा वजन यानीओवरवेट) माना जाएगा। अगर बॉडी मास इंडेक्स 30 या उससे अधिक है तो उसे मोटापे से ग्रस्त माना जाएगा।

खान-पान के विकल्पों में बदलाव और विलासितापूर्ण जीवनशैली के हजार खतरे हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित ताजा रिपोर्ट



चौंकाने वाली है जिसमें कहा गया है कि सेहत को लेकर चिंता नहीं की गई तो 25 साल बाद देश के 45 करोड़ युवा ओवरवेट होंगे। जाहिर है दुनिया में जिस तरह से मोटापे की समस्या बढ़.रही है उससे भारत भी अछूता नहीं है। पहले से ही हमारे यहां हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है। विशेषज्ञ इन बीमारियों और मोटापे के बीच संबंधों का खुलासा पहले ही कर चुके हैं, ऐसे में समय रहते नहीं चेते तो हालात और भयावह हो सकते हैं। चिंता इस बात की भी है कि लंबे समय से शहरी समस्या ही माना जाने वाला मोटापा हाल के वर्षों में ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। चिकित्सक लगातार कहते रहे हैं कि इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए हमें कैलोरी पर युद्ध की जरूरत है। लैंसेट मेडिकल जर्नल में छपी इस रिसर्च में 204 देशों के डेटा का उपयोग करके एक गंभीर तस्वीर पेश की गई, जिसे सदी की महान स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बताया गया है। यह स्टडी सिएटल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन द्वारा कोऑर्डिनेटेड ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) कार्यक्रम द्वारा की गई रिसर्च पर है।

स्टड़ी से पता चला है कि दुनिया भर में अधिक वजन वाले या मोटे लोगों की संख्या 1990 में 929 मिलियन से बढ़कर 2021 में 2.6 बिलियन हो गई है। अगले 15 सालों में 3.8 अरब वयस्क अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त होंगे। यानी 2050 में पूरे विश्व के कुल वयस्क आबादी का लगभग 60 प्रतिशत मोटापे से जूझेगा। दुनिया का हेल्थ सिस्टम चरमरा जाएगी। दुनिया के लगभग एक चौथाई मोटापे से ग्रस्त लोगों की उम्र उस समय तक 65 वर्ष से अधिक होने की उम्मीद है। इस वजह से पहले से ही अत्यधिक बोझ से दबी हेल्थ सिस्टम पर दबाव बढ़ गया है और कम संसाधन वाले देशों में मेडिकल सेवाओं पर कहर बरपा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में बच्चों और किशोरों में मोटापे में 121 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। 2050 तक सभी मोटे युवाओं में से एक तिहाई इन दो क्षेत्रों में रह रहे होंगे- उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व, और लैटिन अमेरिका और कैरेबियन। अभी के वक्त में दुनिया के आधे से अधिक अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त वयस्क पहले केवल आठ देशों में रहते हैं और इसमें भारत भी शामिल है। ये देश हैंः चीन, भारत, अमेरिका, ब्राजील, रूस, मैक्सिको, इंडोनेशिया और मिस्त्र। नाइजीरिया, भारत, पाकिस्तान और चीन जैसे घनी आबादी वाले देशों में मोटापे की रोकथाम को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वजह है कि यहां मोटापे से ग्रस्त बच्चों और किशोरों की अनुमानित संख्या के विनाशकारी होने का अनुमान है।

रिसर्चर्स ने चेतावनी दी है कि हर देश में बच्चों का वजन पिछली पीढ़ियों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है और मोटापे से ग्रस्त होने की उम्र और कम होते जा रही है। इससे कम उम्र में टाइप 2 मधुमेह (डायबिटीज), हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और कैंसर होने का खतरा बढ़ रहा है। उदाहरण से देखिए। उच्च आय वाले देशों में, 1960 के दशक में पैदा हुए लगभग 7 प्रतिशत पुरुष 25 वर्ष की आयु तक मोटापे से ग्रस्त थे. लेकिन 1990 के दशक में पैदा हुए पुरुषों के लिए यह आंकड़ा बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया, और 2015 में पैदा हुए पुरुषों के लिए इसके 25 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि मोटापे और वजन की समस्या इसी तरह बढ़ती रही तो वर्ष 2050 तक दुनियाभर में 25 साल से ज्यादा उम्र के 380 करोड़ लोग मोटापे का शिकार होंगे। यह संख्या उस समय दुनिया में युवाओं की अनुमानित आबादी के आधे से ज्यादा होगी। मोटापे की समस्या जिस तरह से दूसरी बीमारियों को न्योता दे रही है, उसे देखते हुए अब राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक योजना बनाने की जरूरत है। बच्चों को ही आहार संबंधी आदतों को बदलने के लिए कह दिया जाए तो आगे जाकर उनकी जीवनशैली में बड़ा बदलाव संभव है। हमारे पारंपरिक भोजन में डेयरी उत्पाद, नमक, परिष्कृत तेल और चीनी की मात्रा कम थी, लेकिन अब हम ऐसे आहार की ओर बढ़ गए हैं जो ऊर्जा तो देते हैं लेकिन पोषक तत्वों की कमी है। चीनी का अतिरिक्त सेवन भी मोटापे को बढ़ाने में कम जिम्मेदार नहीं है। सोडा, कॉफी और चाय जैसे पेय पदार्थों के कारण हमारे शरीर में चीनी की अतिरिक्त मात्रा पहुंच रही है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड और ड्रिंक्स भी मोटापे के बड़ा कारण बने हैं।

मोटे तौर पर हानिकारक पैक्ड भोजन पर अधिक कर लगाकर, पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने व उपभोक्ताओं के मार्गदर्शन के लिए फूड पैकिंग पर पोषण लेबलिंग जैसे उपायों को सख्ती से लागू करना चाहिए। स्कूलों में पोषण शिक्षा कार्यक्रम लागू करने से भी मोटापे की समस्या का एक हद तक मुकाबला किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह भी है कि शारीरिक गतिविधियों जिनमें खेल-कूद, व्यायाम, योग आदि शामिल है, को भी बढ़ावा देना होगा, जिससे व्यक्ति खुद को सेहतमंद रखने की चिंता कर सके। ये जान लीजिए स्वस्थ शरीर से अधिक मूल्यवान कुछ और नहीं है। इसलिए अपनी सेहत की चिंता करना आपका धर्म भी है।

## संपादकीय

### राजनीतिक लाभ के लिए अब औरंगजेब का महिमामंडन

**देश की** राजनीति में मुगल शासक औरंगजेब चर्चा में है और समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के इसके महिमामंडन करने की कोशिश को लेकर विवाद बढ़ गया है। इतिहास में देखें तो सबसे विवादास्पद मुगल शासकों में सबसे प्रमुख नाम औरंगजेब का है। औरंगजेब ने गैर-मुसलमानों पर जज़िया कर जैसी भेदभावपूर्ण नीतियां लागू की। औरंगजेब ने सिखों के गुरु तेग बहादुर का सिर कलम करवा दिया था। उसने गुरु गोविंद सिंह के बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया, वहीं संभाजी महाराज की आंखें फोड़ दीं और नाखून उखाड़ लिए। इसके शासन काल में भारत में शरियत के आधार पर फतवा-ए-आलमगीरी लागू किया और बड़ी संख्या में हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया गया। काशी सोमनाथ मंदिरों को कष्ट करवाया और लाखों हिंदुओं की हत्या करवाई। इसकी क्रूरता के कारण करीब-करीब पूरे भारतीय उपमहादीप में मुगल साम्राज्य अपना सबसे ज्यादा विस्तार कर पाया। औरंगजेब की मृत्यु 1707 ईस्वी में हुई थी। कहा जाता है कि मौत से पहले इसको अपने किये पर पछतावा था और औरंगजेब ने अपने बेटों आजम शाह और काम बख्श को खेद व्यक्त करने के लिए पत्र लिखे थे । इन पत्रों में उसने अपने पापों और असफलताओं के बारे में जिक्र किया। औरंगजेब ने अपने आखिरी पत्र में जो लिखा वह उसके पछतावे की कहानी कहता है। औरंगजेब ने मरने से पहले अपने बेटों को लिखी एक चिट्ठी में अपने पापों का ज़िक्र किया था। इस चिट्ठी में उसने लिखा था कि उसने लोगों का भला नहीं किया और उनका जीवन निरर्थक बीत गया। उसने यह भी लिखा था कि उसे अपने पापों का परिणाम भुगतना होगा। राम कुमार वर्मा की लिखी किताब औरंगजेब की आखिरी रात में औरंगजेब के खत का मजमून कुछ यूं जिक्र किया गया है. ॡअब मैं बूढ़ा और दुर्बल हो गया हूं.मैं नहीं जानता मैं कौन हूं और इस संसार में क्यों आया. मैंने लोगों का भला नहीं किया, मेरा जीवन ऐसे ही निरर्थक बीत गया। भविष्य को लेकर मुझे कोई उम्मीद नहीं है, मेरा बुखार अब उतर गया है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि शरीर पर केवल चमड़ी हो। दुनिया में कुछ लेकर नहीं आया था लेकिन अब पापों का भारी बोझ लेकर जा रहा हूं। मैं नहीं जानता कि अल्लाह मुझे क्या सजा देगा, मैंने लोगों को जितने भी दुख दिए हैं, वो हर पाप जो मुझसे हुआ है उसका परिणाम मुझे भुगतना होगा। बुराईयों में डूबा हुआ गुनाहगार हूं मैं ॡ

औरंगजेब के पिता शाहजहां थे। औरंगजेब ने अपने पिता पर भी काफी जुल्म किये थे। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में कैद करके रखा और उन्हें पानी के लिए तरसाया था। शाहजहां ने अपनी आत्मकथा शाहजहांनामा में औरंगजेब के लिए बहुत कठोर शब्दों का प्रयोग किया था। शाहजहां ने लिखा कि खुदा करे कि ऐसी औलाद किसी के यहां पैदा ना हो। शाहजहां ने औरंगजेब की तुलना हिंदुओं से की, जो अपने माता-पिता की सेवा करते हैं और उनकी मृत्यु के बाद तर्पण करते हैं। उन्होंने लिखा है कि औरंगजेब से अच्छे तो हिंदू हैं, जो अपने माता-पिता की सेवा करते हैं और उनकी मृत्यु के बाद तर्पण करते हैं।

## कविता

यारो है देखो तो जरा होली
कितनी खुश रँगो- खुशनुमा होली

क्या कहें बन गई है क्या होली
हम से आ कर वो जब मिला होली

पुर कशिश क्यूँ न रंग हों इस के
होलिका की है आत्मा होली

इस के रँगों की है धनक कहती
वस्ल की है व्याख्या होली

आप को कुछ पता भी है साहब
एक दर्पण है प्यार का होली

खुशियों के रंग दे गई हम को
खत्म कर के क्रूरता होली

काश ला कर अबीर और गुलाल
वो मेरे साथ खेलता होली

भस्म कर के बुराइयों के चलन
दे गई हम को होलिका होली

जकी तारिक

## हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान के** सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा।

## विचार

### योगी कैबिनेट में बदलाव और नये बीजेपी अध्यक्ष की भी सुगबुगाहट

अजय कुमार

**भारतीय जनता** पार्टी के लिये उत्तर प्रदेश हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। सबसे अधिक सांसद और राज्य के तौर पर सबसे अधिक विधायक देने वाला यूपी इस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तेजतर्रार राजनीति के कारण हिन्दुत्व की प्रयोगशाला बन गया है। बीजेपी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में योगी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया था।हालांकि इसके बाद 2024 के आम चुनाव में बीजेपी को यहां से करारा झटका भी लगा था,यूपी में 70 सीटें जीतने का दावा कर रही बीजेपी गठबंधन को मात्र 36 सीटों पर जीत हासिल हुई थी,जबकि समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन को 42 एवं आजाद समाज पार्टी को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। इससे योगी की छवि पर काफी बुरा असर पड़ा। अखिलेश पिछड़ा,दलित और अल्पसंख्यक(पीडीए)का दम भरने लगे,परंतु विधान सभा के उपचुनाव में योगी फिर से मुखर होकर उभरे उन्होंने समाजवादी पार्टी को पूरी तरह से चित कर दिया। इसके बाद अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भी बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए की हवा निकाल दी।

मिल्कीपुर के मतदाताओं ने जाति बिरादरी से ऊपर बीजेपी को वोट किया। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव 2024 के बाद यूपी की सियासत में काफी बदलाव आ चुका है। उस पर महाकुंभ सोने पर सुहागा साबित हुआ,जहां जातपात से ऊपर उठकर 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरा प्रदेश ही नहीं देश भी हिन्दू मय हो गया। इन बदलावों के बाद अब योगी कैबिनेट में भी बदलाव की चर्चा हो रही है।

उम्मीद जताई जा रही है कि नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट में बदलाव कर सकते हैं। वहीं यूपी में बीजेपी अध्यक्ष के नाम की घोषणा के साथ संगठन में भी फेरबदल हो सकता है ।इस बात के कयास तब से लगना शुरू हुए जब दिल्ली में प्रधानमंत्री से योगी की मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 09 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी. इस दौरान सीएम योगी ने पीएम से अप्रैल में जेवर एयरपोर्ट के लिए उद्घाटन का समय मांगा, लेकिन दोनों ही नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक चली मुलाकात के बाद यूपी मंत्रिमंडल विस्तार से लेकर संगठनात्मक बदलाव तक के कयास लगाए जाने लगे हैं. बता दें महाकुंभ आयोजन के बाद सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए थे. प्रधानमंत्री से मुलाकात से एक दिन पूर्व सीएम योगी ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। बता दें यूपी में बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लम्बे समय से मंथन चल रहा है,वहीं योगी कैबिनेट में 6 मंत्री पद भी खाली हैं. ऐसे में जेपी नड्डा और पीएम मोदी से सीएम योगी की मुलाकात को सरकार और संगठन में बदलावों पर सहमति बनाने के रूप में देखा जा रहा है. होली के बाद बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलना तय है, लेकिन सवाल यह उठता है कि योगी सरकार में भी फेरबदल होगा।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो साल बाकी हो, लेकिन हर समय चुनाव के लिये तैयार रहने वाली बीजेपी ने अभी से 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव के लिये सियासी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। बीजेपी के सामने चुनौती विपक्ष इंडिया गठबंधन, खासकर सपा के पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स की है. 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए पॉलिटिक्स की नैया पर सवार अखिलेश यादव ने बीजेपी को यूपी में तगड़ा झटका दिया. बीजेपी का सवर्ण-पिछड़ा-दलित वोट बैंक वाला समीकरण कमजोर हुआ तो प्रदेश का राजनीतिक दृश्य ही बदल गया था. हालांकि, विधानसभा उपचुनाव आते-आते सीएम योगी के नेतृत्व में बीजेपी ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ते यौन अपराध

संजीव

**प्रागैतिहासिक काल** से भारतीय संस्कृति सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं' भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है' वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए।

### बदलते जमाने की रंग बदलती होली

—प्रियंका सौरभ

**होली एक** ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। "आओ राधे खेलें फाग, होली आई" के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे।

## न्यूज फ्लैश

### श्री गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक सोनीपत में होला मोहल्ला का समागम मनाया

**सोनीपत। होला मोहल्ला खालसा** पंथ का एक कौमी उत्सव होता है। जो हर साल बड़ी धूमधाम से गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक सोनीपत में मनाया जाता है। इसमें पहले गुरुद्वारा साहब की स्त्री सत्संग सभा द्वारा सुखमनी साहब का पाठ किया गया। एवं गुरुद्वारा साहब के हजूरी रागी भाई विजय सिंह वीर द्वारा संगत को कीर्तन द्वारा निहाल किया गया। ढाडी जथा ज्ञानी गुरदेव सिंह कोमल पंजाब से संगत के बीच पहुंचे। जिन्होंने अपनी वीर गाथाओं द्वारा सिख पंथ का इतिहास सुनाया। इस अवसर पर भारी संख्या में संगत गुरुद्वारा साहब पहुंची। गुरुद्वारा साहब के प्रधान स.मोहन सिंह मनोचा ने कहा कि आज की पिड़ी को अपने विरसे से जोड़ने के लिए ऐसे कौमी उत्सव बहुत जरूरी है। इस अवसर पर महासचिव परमजीत सिंह गुरिंदर सिंह जरनैल सिंह गुरजीत सिंह शमशेर सिंह अर्जुन सिंह मनोचा अरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे

### भद्रारहित काल में 13 को होगा होलिका दहन, 14 को खेली जाएगी धुलेंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हिंदू धर्म में** होली के त्यौहार का विशेष महत्व बताया गया है। ये पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसके अगले दिन रंगों और भाईचारा का प्रतीक त्यौहार धुलेंडी खेला जाता है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं और प्यार-प्रेम व भाईचारा का संदेश देते हैं। कहा जाता है कि जब होली जलती है तो उसमें उनकी पुरानी दुश्मनी, रंजिश, वाद-विवाद, लड़ाई झगड़े आदि सब जलकर राख हो जाते है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस वर्ष 13 मार्च वीरवार फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाएगा। अगले दिन 14 मार्च को धुलेंडी खेली जाएगी। पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 13 मार्च को सुबह 10:41 से होगा और 14 मार्च को दोपहर 12:27 तक रहेगी। 13 मार्च को पूर्णिमा तिथि के साथ ही भद्रा का साया भी शुरू हो जाएगा, जो सुबह 10:41 से शुरू होकर रात्रि 11:31 तक भूमि लोक पर रहेगी, जो सर्वदा त्याज्य है। शास्त्रों के अनुसार कभी भी भद्राकाल में होलिका दहन नहीं करना चाहिए। भद्रा के बाद भद्रारहित काल में पूर्णिमा तिथि में ही होलिका दहन करना शुभ माना गया है। उन्होंने बताया कि इस कारण होलिका दहन का शुभ मुहूर्त भद्रा उपरांत रात्रि 11:32 से रात्रि 12:30 तक रहेगा। इस समय होलिका दहन करना उत्तम और शास्त्र सम्मत रहेगा।

### निगम चुनाव में रेड क्रॉस सोसाइटी व स्वयंसेवी संस्थाओं ने दिया विशेष योगदान

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त एवं** रेड क्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष डा. विरेन्द्र कुमार दहिया के निदेर्शानुसार नगर निगम चुनाव में दिव्यांगजनों व बजुर्गो की सहायतार्थ 150 व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई। जिसमें पंचायत विभाग का विशेष योगदान रहा। रैडक्रास सचिव गौरव राम करण ने बताया कि इस कार्य हेतु जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द को ओवराल नियुक्त करते हुये बलबीर सिंह, लाल चंद, जसमरे, अशोक कुमार, विरेन्द्र, विकास, कला भारद्वाज, प्रदीप कुमार वा अन्य की अगुवाई में टीमें बनाई गई और लगभग 300 से अधिक स्वंयसेवकों ने अपनी सेवाऐं दी और दिव्यांगजनों व बजुर्गो को वोट डालने में सहायता प्रदान की। मतदान केन्द्रों पर जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार नगर निगम के अधीन पड़ने वाले सभी पोलिंग बूंथों पर स्वंयसेवक उपलब्ध करवाने में शिक्षा विभाग व अन्य शैक्षिणिक संस्थानों आर्य कालेज, राजकीय महाविद्यालय, बहरामपुर, मतलोडा, देश बंधू गुप्ता कालेज, सनातन धर्म कालेज, आई.बी. कालेज का विशेष योगदान रहा। जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने बताया कि स्वंयसेवको ने बड़े अच्छे प्रकार से चुनाव में अपनी सेवाऐं प्रदान की। उन्होनें चुनाव के इस महापर्व में सहयोग प्रदान करने के लिये सभी स्वंयसेवकों व संबधिक शैक्षिणक संस्थानों व शिक्षा विभाग का आभार प्रकट किया।

# पूर्ण मूर्ति कैंपस में आज पहुंचेगी शक्ति, भक्ति और आस्था का महासंगम भगवा त्रिशूल यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। प्रयागराज से** शुरू हुई भगवा त्रिशूल यात्रा मंगलवार को पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में दोपहर के समय पहुंचेगी। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की तरफ से निकाली जा रही भगवा त्रिशूल यात्रा का स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया जाएगा । स्वागत समारोह में कैंपस के विद्यार्थियों के साथ ही हजारों की संख्या में स्थानीय लोग भी शिरकत करेंगे । हरिद्वार में निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज से आशीर्वाद लेकर लौटे पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण है। मंदिरों का संरक्षण और आधुनिकीकरण भी इसका लक्ष्य



है। युवा जागरण, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरण और जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना भी इसके उद्देश्यों में शामिल है। उन्होंने बताया कि स्वागत समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे । उन्होंने बताया कि सभी 120 पवित्र त्रिशूलों को प्राचीन शिवालयों में प्रतिष्ठित किया जाएगा। भगवा एप के माध्यम से मंदिरों का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। इससे श्रद्धालु ऑनलाइन आरती और दर्शन कर सकेंगे। यह वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में सहायक होगा। चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व भगवा त्रिशूल यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय , परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी और परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ विशेष रूप से यात्रा के साथ यहां पहुंचेंगे । डा. विजयपाल नैन ने कहा कि यह यात्रा मंदिरों के आधुनिकीकरण, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।
अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद का लक्ष्य है कि भारत के प्राचीन मंदिरों की संरक्षा, धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए समाज को संगठित किया जाए।भगवा ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसे करोड़ों श्रद्धालुओं को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है।

## सिविल अस्पताल परिसर में भारतीय मजदूर संघ की बैठक संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: भारतीय मजदूर संघ** संबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष तरणदीप अध्यक्षता में अंबाला शहर सिविल अस्पताल के परिसर में संपन्न हुई बैठक में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन सह मंत्री गणेश मिश्रा एवं उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार भारतीय मजदूर संघ का मार्गदर्शन मिला`बैठक का संचालन जिला मंत्री कंवरपाल ने कियो दौलत राम प्रदेश प्रचार मंत्री स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं अरुण जोशी जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए गणेश मिश्रा ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ विश्व में श्रमिकों का सबसे बड़ा संगठन है और इस वर्ष 70 में प्रवेश कर चुका है` भारती मजदूर संघ पंच परिवर्तन पर कार्य कर रहा है जिसमें पर्यावरण ,समरसता स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन ,नागरिक कर्तव्य शामिल है। पवन कुमार भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ की छत्रछाया में कौशल रोजगार निगम के जिनका 5 वर्ष हो गए हैं।

### तीन अलग अलग स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर : विवेक

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) नागरिकों को** बेहतर सेवा के लिए प्रशासन ने समय-समय पर ठोस कदम उठा कर उन्हें राहत प्रदान की है व उनकी दुख तकलीफों को समझकर उन पर मुस्तैदी पूर्वक कार्य किया है। निगम कमिश्नर डॉक्टर पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कड़ी में सोमवार को नगर निगम पानीपत के माध्यम से प्रोपर्टी आई० डी० को सैल्फ स्टीफाईड करने के लिए शिवरों का आयोजन करेगा। ये शिविर तीन अलग-अलग स्थान पर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए सुबह 9 बजे से शाम के 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

## जनहितैषी बजट पेश करेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहितैषी बजट पेश करेंगे। हरियाणा का साल 2025-26 का बजट तैयार करने में पूरी अफसरशाही जुटी है। सीएम नायब सिंह सैनी के पास जहां राज्यभर से करीब 10 हजार लोगों के सुझाव पहुंचे हैं, वहीं वे अपनी कैबिनेट के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और विपक्षी दलों के नेताओं के साथ हर सेक्टर के प्रमुख लोगों से उनकी राय जान चुके हैं। राज्य सरकार के बजट में जहां पहले से संचालित विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था होगी, वहीं नई परियोजनाओं के लिए



बजट का प्रविधान किया जाएगा। बजट में सरकार राजस्व खर्च घटाने और पूंजीगत खर्च बढ़ाने पर जोर देने वाली है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वित्त मंत्री के नाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस बार साल 2025-26 के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपये का बजट पेश कर सकते हैं। पिछले साल तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 1.89 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। नायब सिंह सैनी के बजट में नान-स्टाप हरियाणा के नारे की छाप दिखाई पड़ेगी। राज्य की सत्ता संभालते ही नायब सैनी ने प्रदेश के विकास के लिए नान-स्टाप हरियाणा का नारा दिया था, जिसे साबित करने का अब उनके पास भरपूर अवसर है। राज्य का बजट 17 मार्च मंगलवार को पेश होगा।

**गरीब व जरुरतमंद लोगों के कल्याण की योजनाओं पर फोकस**

विधायक ने कहा कि इस बार सरकार गरीब व जरूरतमंद लोगों के कल्याण की योजनाओं पर फोकस करनें वाली है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का दायरा बढ़ेगा और गरीब महिलाओं के लिए 500 रुपये में रसोई गैस के सिलेंडर की योजना जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण व शहरी आवास योजनाओं में गरीब लोगों को उनके स्वयं के मकान उपलब्ध कराने की सरकार की योजना है। इस बार के बजट में बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाई जा सकेगी।

**किसानों पर भी रहेगा फोकस**

जगमोहन आनंद ने कहा कि दूसरा सेक्टर किसान अर्थात अन्नदाता का है। इस सेक्टर में सरकार किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी देते हुए उनके कल्याण की कई नई योजनाएं आरंभ करने वाली है।

### आराधना जैन मंदिर में सेवा संकल्प दिवस 16 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महाप्रभावी श्री** घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थान के वार्षिक स्थापना दिवस पर श्री आत्म मनोहर जैन वैलनेस सेंटर तथा श्री आत्म मनोहर पीयूष जीव सेवा केंद्र के भवन लोकार्पण के उपलक्ष्य में इसेवा संकल्प दिवस रविवार, 16 मार्च को तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिरइ में भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज के सान्निध्य में इसुबह 9.30 बजे से दोपहर डेढ़ बजेइ तक आयोजित किया जा रहा है। श्री अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह, महामंडलेश्वर गीता मनीषी श्री ज्ञानानंद जी, महामंडलेश्वर स्वामी श्री शांतानंद जी, डेरा लोपो वाले संत जगजीत सिंह, इस्कॉन प्रमुख स्वामी साक्षीगोपाल, जत्थेदार स. बलजीत सिंह दादूवाल, महामंडलेश्वर स्वामी श्री दिव्यानंद सरस्वती, स्वामी श्री संपूणानंद, कूका संप्रदाय महंत स्वतंत्र देव सिंह, स्वामी श्री राघवेंद्र भारती, महंत चंचलनाथ आदि संत विभूतियां उपस्थित रहेंगी। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, केंद्रीय संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, प्रेम गोयल, किशोरकांत, उत्तर क्षेत्रीय संघसंचालक पवन जिंदल कार्यक्रम के गौरव के रूप में शोभा बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री डा.अरविंद शर्मा, महिपाल ढांडा, कृष्ण बेदी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण मौजूद रहेंगे।

## आजीविका मिशन के तहत मतलौडा में महिला सम्मान समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा राज्य ग्रामीण**

आजीविका मिशन पानीपत द्वारा महिला दिवस समारोह का आयोजन मतलौडा ब्लॉक में गठित शक्ति महिला क्लस्टर संगठन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना था। शक्ति महिला क्लस्टर संगठन के तहत खंड में 320 स्वयं सहायता समूहों व 25 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है जिनमे सरकार की तरफ से 1 करोड़ 18 लाख



की राशि विभिन्न आजीविका गतिविधियों को शुरू करने व बढ़ाने के लिए प्रदान की गई है। जिला परिषद, पानीपत की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महिलाओं को रत्नऋ से जुड़कर नए आजीविका अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।डॉ किरण सिंह ने बताया की महिलाएँ समूहों में जुड़कर नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं. नए आजीविका जैसे मछली पालन, वीटा बूथ आदि शुरू करवाने पर बल दिया और महिलाओं को प्रेरित किया । इस दौरान प्रोड्यूसर ग्रुप (ढऋ) और इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर (कऋछ) के तहत क्रमशः 2 लाख व 10 लाख आर्थिक सहायता के लिए चेक वितरित किए गए, जिससे महिलाएं अपने उद्यमों को और मजबूत कर सकें।इसमें महिलाओं को कृषि आधारित आजीविका को बढ़ावा दिया जाएगा और महिलाएं मजबूत बनेंगी । शक्ति महिला क्लस्टर संगठन की प्रधान पूजा भंडारी ने अपने क्लस्टर संगठन के द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को अवगत कराते हुए बताया कि समूहों में जुड़कर महिलाएं ना केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि समाज की अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित के रही हैं । महिलाएं स्वावलंबी बन कर परिवार को भी सशक्त करने के साथ साथ अपने बच्चों के भविष्य को भी उज्जवल बना रही हैं।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान में युवाओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय** रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के दिशा निर्देश व उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के जिला प्रधान उत्तम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्ति पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में हरियाणा रोडवेज पुराने बस स्टैंड की वर्कशॉप में चालक प्रशिक्षण सेंटर में एक नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार वर्मा, सब इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस नारकोटिक्स विभाग हरियाणा ने नशे के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि हमारा युवा नशे की तरफ बढ़ रहा है, जो हमारे भविष्य के लिए बड़ा चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के युवा खेलों में पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा चुके हैं। आप सब भी उनकी तरह हर क्षेत्र अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हो। उन्होंने कहा कि नशा इंसान को दीमक की तरह अंदर से खोखला कर देता है, इसलिए हम सब मिलकर नशे को भगायेंगे, देश को बचाएंगे। हरियाणा एनसीबी का टोल फ्री नंबर 9058091580, 1933 और मानस पोर्टल पर भी नशे का कारोबार करने वालों और नशा करने वालों की जानकारी दे सकते हैं।
राजपाल चौधरी, सहायक जिला रेडक्रॉस करनाल ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया कैसे नशा हमारे युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है, जिससे हमें शारीरिक, मानसिक और फाइनेंशियल हानि हो रही है।

## पीआरपीसी में महिला दिवस भव्यता एवं सार्थकता के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) विश्व भर में प्रत्येक वर्ष** 8 मार्च के दिन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुई प्रगति का उत्सव मनाने का दिन है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें सम्मान देने हेतु पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में, 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 कम्यूनिटी सेंटर, मिनी स्मार्ट सिटी में बड़ी भव्यता एवं सार्थकता के साथ मनाया गया है। इस वर्ष का थीम ह्लसभी महिलाओ और लड़कियो के लिए : अधिकार समानता स्शक्तिकरणह्व है। सरस्वती वंदना के



साथ, कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि श्री एम. एल. डहरिया , कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, ने श्री अजय कैला, कार्यकारी निदेशक तथा सभी मुख्य-महाप्रबंधकगणों के साथ मिल कर दीप प्रज्वलन करके की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विप्स सदस्यों की उपस्थिति में केक काटकर इस दिवस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। श्री डहरिया ने अपना उद्घाटन भाषण देते हुए विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इंडियनऑयल की महिलाएं हमेशा कड़ी मेहनत और चुनौतियों का बेहतर रूप से सामना करते हुए पूरे उत्साह के साथ काम करके अपना सर्वश्रेष्ठ देती हैं ताकि देश के, निगम के व अपने सपनों को भी पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि इंडियनऑयल की प्रत्येक रिफाइनरी में ही नहीं बल्कि बहुत से यूनिटों व पेट्रोल पम्पों पर महिलाएं पूरी मेहनत एवं लगन से कार्य कर रहीं हैं और पुरुषों से कहीं भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन में आगे कहा की उन्हे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि पीआरपीसी में महिलाओं ने दो प्रतिष्ठित संयंत्रों को चलाकर यह सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं वास्तव में ही शक्ति, बुद्धि, ज्ञान, बहादुरी और कई अन्य गुणों का प्रतीक है। और पूरी दुनिया को दिखला दिया है कि इस वर्ष का थीम न केवल महत्वपूर्ण है बल्कि सर्वथा उचित है कि महिलाओं में निवेश किया जाना ही प्रगति का मूलमंत्र है । इस अवसर पर बोलते हुए, अजय कैला ने भी महिला दिवस की सभी महिलाओं को बधाई देते हुए व्यवसायिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों में कामकाजी महिलाओं द्वारा निभाई जा रही विविध भूमिकाओं के बारे में बताया और इंडियनऑयल में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की दिल से सराहना की। इस अवसर पर सभी महिला सदस्यों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही इंडियनऑयल के हरित संकल्प को मजबूत करने के लिए श्री ॐ प्रकाश, मुख्य-महाप्रबंधक एवं प्रीति चोपड़ा, महाप्रबद्धक के मार्गदर्शन में श्रीमती वर्तिका रस्तोगी, विप्स कोऑर्डिनेटर, पीआरपीसी के नेतृत्व में महिला दिवस का कार्यक्रम सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

## श्रीश्याम वार्षिक फाल्गुनोतसव में एकादशी को उमड़ा भक्तों का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**"जहां दिया था शीश का** दान, वो भूमि है चुलकाना धाम" तेरा चुलकाने का धाम बाबा घणा कसूता लागे, "श्याम धणी का दुनियां में डंका बाजे, कलयुग का अवतार चुलकाना धाम बिराजे"। श्री श्याम बाबा की भव्य पालकी लेकर डीजे की मधुर धुनो पर रंग बिरंगे गुलाल उडाते व शयाम नाम की मस्ती मे झूमते नाचते श्रद्धालु श्रीश्याम बाबा के प्राचीन धाम पहुंचे ओर आलौकिक दरबार मे विराजमान अपने अराध्य श्रीश्याम बाबा के दर्शन किए। चुलकाना धाम मे श्रीश्याम बाबा का वार्षिक फाल्गुनोतसव का आगाज रविवार तडके चार बजे से हो गया।दिनभर



शीश के दानी,तीन बाण धारी, हारे का सहारा-श्रीश्याम बाबा हमारा व जय श्रीश्याम के जयकारे से गूंजते रहे। मेले में पहले दिन ही भक्तों की भारी भीड़ उमडी। अनुमान है कि अगले दो दिन सोमवार व मंगलवार को बाबा की विशेष पूजा होगी जिस कारण हरियाणा दिल्ली के अलावा दूसरे प्रदेशो से भी श्रीश्याम भक्तो के जत्थे श्याम बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेगे। रविवार को समालखा की नई अनाज मंडी से भी हजारो श्याम श्रद्धालु पालकी व निशान यात्रा के साथ चुलकाना धाम पहुंची। इसके अलेवा पूरा दिन समालखा का रेलवे रोड व चुलकाना रोड श्रीश्याम बाबा की ध्वज यात्राओ के चलते श्याममय बना रहा।

**राजस्थानी ऊटी का जोडा रहा आकर्षण**

चुलकाना धाम पर मेला के कारण गहमागहमी रही वही राजस्थान से आया ऊंटों का जोड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।छोटे छोटे बच्चो ने खूब मजे से ऊंट की सवारी की। वही मेले मे महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। छदिया मोड़ पर लगे अनेकों झूले भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। उधर दूर दराज से चुलकाना धाम आने वाले श्याम भक्तो की सेवा के लिए कुछ समालखा से चुलकाना तक समाज सेवी लोगो व संस्थाओ द्वारा भंडारे लगाये गए। जिनमे मुख्य रूप से श्री श्याम रसोई,श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल व हरि मिष्ठान भंडार के संचालक कृष्ण सैनी द्वारा आयोजित छप्पन भोग का भंडारा सुबह ही शुरू हो गया था जिसमें भक्तों ने भंडारा ग्रहण किया। श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव मे भक्तो के उमडे जनसैलाब को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को संभाला। वाहनो को गांव के बाहर रोक दिया गया। चुलकाना की तरफ आने वाले सभी रास्तों पर पुलिस प्रशासन तैनात रहा। श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति के प्रधान रोशन लाल छौक्कर व सयुंक्त सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि श्रीश्याम बाबा का सुबह कोलकता के फूलो से आलौकिक श्रृंगार किया गया।

## मेगा स्वास्थ्य जाँच कैंप मे 116 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ 9 ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। सेफ इंडिया** फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भण्डार द्वारा शम्भूदयाल स्कूल मे आयोजित मेगा स्वास्थ्य जाँच कैंप का 116 मरीजों ने लाभ लिया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगेगा ताकि जरूरतमंद लोग अपना इलाज करवा सके। लेकिन अबकी बार मेयर चुनाव होने के कारण यह कैंप इस रविवार को लगाया गया है। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सक्सेना हस्पताल की टीम के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज गोयल, डॉक्टर नितिन शर्मा जरनल फिजिशियन, हड्डियों के डॉक्टर प्रवेश मुदगिल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुमन, डायटिशियन डॉक्टर शीतल व अभिमन्यु कुमार , ईशा चौहान, नेहा, मुस्कान द्वारा 116 मरीजों के बी एम डी टेस्ट, शुगर बी पी, ई सी जी व स्वास्थ्य जाँच की गई। डॉक्टर वरुण शर्मा व डॉक्टर इरफान मोहम्मद द्वारा 26 मरीजों के दांतो का चेकअप किया गया। कैम्प इंचार्ज बलराज वशिष्ठ व प्रियांशु वशिष्ठ ने बताया कि डॉक्टर एस एन गुप्ता व राजेश गुप्ता द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त मे दी गई जो सोनू कालरा द्वारा बांटी गई, संस्थाओं द्वारा शम्भूदयाल स्कूल की कार्यकारिणी का विशेष आभार जताया गया। महिला प्रधान बबीता जिंदल ने बताया की इस कैंप मे टीम सक्सेना हस्पताल की रही।

## न्यूज फ्लैश

### श्रीराधाकृष्ण मंदिर में होली महोत्सव पर भजन संध्या आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : महादेव मोहल्ला थानेसर के श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर में रविवार सायं होली महोत्सव पर भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने होली के मधुर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम आयोजक यशेंद्र शर्मा परिवार ने सर्वदेव पूजन किया। कार्यक्रम में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने होली आई रे कन्हाई, रंग लाई सुना दे जरा बासुरी, आज बृज में होली रे रसिया और होली खेल रहे बांके बिहारी,आज रंग बरस रहा इत्यादि भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किया। फूलों से होली खेलते हुए श्रद्धालुओं ने बच्चों को पानी व्यर्थ न बहाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने भक्तिमय ढंग से होली पर्व मनाया। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनियों एवं फूलमालाओं से सजाया गया। आयोजक यशेंद्र शर्मा ने कहा कि होली प्रेम, आपसी भाईचारा व सद्भावना का प्रतीक है। कहा जाता है कि इस दिन गिले शिकवे दूर कर दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए मिष्ठान व पकवानों की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर रामकुमार भारद्वाज, विजय भारद्वाज,पूर्व पार्षद दीपक सिंगला,जंग बहादुर सिंगला,नागेंद्र शर्मा,अनुष्का शर्मा,बॉबी शर्मा,प्रेम शर्मा,सुरेंद्र भारद्वाज,अमित भारद्वाज,अरुण दत्त,वरुण दत्त,हर्ष दत्त,सुंदर वालिया,अद्वैत भारद्वाज,विजय सैनी, लक्की शर्मा, विंध्यप्रकाश पांडे, शुभम पांडे,अनिरुद्ध शर्मा हन्नी,दीपक अग्रवाल,वीरेंद्र अग्रवाल,त्रिभुवन शर्मा,मोहित शर्मा मनु,रामस्वरूप मोद्गिल, शशि वर्मा, ईश्वर वालिया,बंटी गुप्ता,अरुणा शर्मा,अनिता तिवारी, प्रेमलता,पारुल शर्मा,वृंदा शर्मा,सिम्मी शर्मा,सोनिया शर्मा,ऋचा शर्मा और महादेव युवा संघ के सदस्यों ने भाग लिया।

### पवित्र सरस्वती नदी के किनारे से मीट की दुकानें हटवाने के दिए आदेश

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : पिपली से ज्योतिसर तक पवित्र सरस्वती नदी के किनारे से मीट की दुकानों को हटाने के आदेश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत मीट की दुकानों को हटाने और अन्य अतिक्रमण की कार्रवाई करने के लिए बकायदा डयूटी मैजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया गया है। जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने सोमवार को जारी आदेशों में कहा है कि प्रशासन के पास लगातार सूचनाएं और शिकायत मिल रही है कि पिपली से ज्योतिसर तक पवित्र सरस्वती नदी के किनारे मीट की दुकाने चल रही है और इससे ना केवल अतिक्रमण हो रहा है अपितु पवित्र सरस्वती नदी की पवित्रता भी भंग हो रही है। इन तमाम तथ्यों को जहन में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 16(1) व धारा 17(2) आदेश जारी किए गए है कि वाटर सर्विस डिविजन ज्योतिसर कुरुक्षेत्र के एसडीओ राकेश काम्बोज को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# महिला दिवस पर सीएम ने तनु व हिमानी सभरवाल को किया सम्मानित

## तनु और हिमानी सभरवाल पिछले लगभग 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय

**प्रशिक्षण**

▶▶ यह सम्मान सामाजिक कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला/बराड़ा:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार द्वारा पंचकूला के रेड बिशप ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बराड़ा, अंबाला की रहने वाली एस एम एस स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा तनु और पी एस सी जैन स्कूल की 10 वी की छात्रा हिमानी सभरवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान हिमानी ने यह सम्मान सीएम से प्राप्त किया। यह सम्मान सामाजिक कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम नायब सैनी ने भी उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही समाज को बेहतर बनाने के लिए काम करने का आशीर्वाद दिया। तनु और हिमानी सभरवाल पिछले लगभग 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने समाज में जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता अभियान, यातायात सुरक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण बचाओ मुहिम, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे कई अभियानों का नेतृत्व किया है। तनु और हिमानी ने खासकर समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता रैलियों का आयोजन, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए और लोगों को साफ-सफाई का महत्व समझाने के लिए प्रचार-प्रसार किया। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अभियान की शुरूआत की, जिसके तहत लोगों को जल बचाने और उसके सही उपयोग के लिए जागरूक किया जाता है। इस अभियान के तहत उन्होंने कई स्कूलों में जल संरक्षण पर कार्यशालाएं आयोजित कीं और लोगों को पानी की बबार्दी रोकने के उपाय बताए। तनु और हिमानी नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण के लिए भी लगातार कार्य कर रही हैं। वे समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ अभियान चलाती हैं और युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करती हैं।

सड़क सुरक्षा को लेकर युवाओं में बढ़ती लापरवाही को देखते हुए तनु और हिमानी ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया। वे विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जाकर हेलमेट पहनने, ट्रैफिक लाइट्स का पालन करने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश देती हैं। उनके इन प्रयासों से कई युवा यातायात नियमों के प्रति जागरूक हुए हैं।

इस सम्मान को पाकर हिमानी सभरवाल ने कहा, "यह सम्मान प्राप्त कर हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

यह हमें और अधिक प्रेरित करता है कि हम अपने सामाजिक कार्यों को और बड़े स्तर पर आगे बढ़ाएं।"

वहीं, तनु ने कहा, "हमने हमेशा समाज के हित में कार्य करने का प्रयास किया है। यह सम्मान हमारे लिए सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी है।

## फर्स्टक्राय इनटेलिटोटस प्रीस्कूल ज्योति नगर में मनाया गया वार्षिक उत्सव



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**शिरकत की**

▶▶ उमा सुधा व श्रीमती कमलजीत कौर चेयरपर्सन जिला परिषद कुरुक्षेत्र ने शिरकत की

**कुरुक्षेत्र** : फर्स्टक्राय इनटेलिटोटस प्री स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती उमा सुधा व श्रीमती कमलजीत कौर चेयरपर्सन जिला परिषद कुरुक्षेत्र ने शिरकत की । बहुत ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रीस्कूल की तरफ से किया गया व प्रीस्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्रत्येक बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी बच्चों के माता-पिता व अभिभावक इतने प्रसन्न थे की सभी ने प्री स्कूल को फाइव स्टार की रेटिंग दी। मुख्य अतिथियों ने सभी स्टाफ सदस्यों को व सभी प्रबंधन सदस्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की व सभी को अपने छोटे बच्चों को फर्स्टक्राय इंटेलीटोटस प्रीस्कूल में दाखिला लेने की बात कही। उन्होंने कहा की कुरुक्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस इसके समकक्ष कोई प्रीस्कूल नहीं है। जिन बच्चों का दाखिला स्कूल में कराया गया है और जिन बच्चों ने स्कूल में दाखिला लेना है।

## मिहा सिंह रंगा निराकारी जागृति मिशन के सदस्य बने: स्वामी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : खतौली स्थित निराकारी जागृति मिशन अम्बाला में विशाल प्रोग्राम में परमश्रद्धेय "दिव्य ज्ञान रत्न" श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सतगुरु स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज जी के मार्गदर्शन में निराकारी जागृति मिशन का मिहा सिंह रंगा को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।

स्वामी ज्ञाननाथ महाराज ने कहा कि मिहा सिंह रंगा को उनकी कई वर्षों की समाज सेवा को देखते हुए उनको निराकरी जागृति मिशन का सदस्य बनाया गया। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि मैं समस्त कमेटी निराकारी जागृति मिशन और सभी सम्मानित संतों का आभार व्यक्त करता हूं और समाजसेवा की जिम्मेदारी को लगन ,मेहनत और ईमानदारी से समाज के हित के कार्यों के लिए निभाऊंगा।

## जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने मददगार हाथों को सम्मानित करके मनाया होली उत्सव

**उत्सव**

▶▶ जन सहयोग संस्था ने श्री दत्तात्रेय दशनामी जूना अखाड़ा पेहवा रोड कुरुक्षेत्र में होली उत्सव का आयोजन किया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने श्री दत्तात्रेय दशनामी जूना अखाड़ा पेहवा रोड कुरुक्षेत्र में होली उत्सव का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता संस्था के प्रधान अंगूरी लाल ने की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्था के कार्यों को और गति देने के लिए मददगार हाथों में और ज्यादा ऊर्जा भरना है। संस्था के संस्थापक व कार्यक्रम के प्रबंधक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि होली उत्सव मनाने का उद्देश्य केवल लोगों पर रंग,कीचड़ या पानी फेंकना नहीं होता बल्कि हर जरूरतमंद वह सक्षम व्यक्ति तक हर खुशी पहुंचना होता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भविष्य की रूपरेखा तैयार की गई और पिछली कमियों पर सुधार के लिए चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती अनु ढांढा जी ने बताया कि वह पिछले 5 वर्षों से अपने परिवार की हर खुशी संस्था के साथ मिलकर मनाती आई है क्योंकि उनकी नौकरी इस संस्था में सेवा करते समय ही लगी है इसी खुशी में इन्होंने आज के भोजन की व्यवस्था की है।संस्था के मुख्य सलाहकार गगनदीप,मिथुन समाना,चंद्रशेखर और प्रद्युम्न भटनागर आदि ने बताया कि संस्था सिर्फ इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्य कर रही है । इस कड़ी में रक्तदान शिविर या इमरजेंसी रक्तदान सेवा के लिए संस्था से जुड़े हर व्यक्ति को जागरूक किया जाए। आंखें दान करने वाला अध्याय भी संस्था के साथ जोड़ा जाए।लोगों को आंखें दान करने के लिए कैंप लगाकर प्रेरित किया जाए। भंडारा प्रबंधक विपिन शर्मा ने बताया कि संस्था शहर भर से बचा हुआ पौष्टिक भोजन उठाती है और मरीजों और झुग्गियों में जीवन जी रहे बेहद जरूरतमंद परिवारों में ले जाकर बांटती है। इस अवसर पर सेवा के क्षेत्र में हर तरह से मददगार हाथ बनने के लिए श्रीमती अनु ढांडा, श्री विनोद अग्रवाल, श्रीमती डिंपल,श्री प्रदीप वालिया, संस्थापक श्रीमती सुनीता देवी, डॉ मीत मोहन सिंह, सुनील मुंजाल,सेवादार बारू राम डॉक्टर कृष्ण, चंद्रभान,देवेंद्र आदि को स्मृति चिन्ह के रूप में सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## नेपाली संस्था एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर के चेयरमैन पद का चुनाव 6 अप्रैल को

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार




**फैसला**

▶▶ सभी पदाधिकारियों के पांच वर्ष पूरे होने पर वोटिंग के बाद नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी

**अम्बाला** : सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर समिति की मासिक बैठक पुलिस लाइन संस्था कार्यलय में आयोजित हुई। मासिक बैठक में सभी पदाधिकारियों ने महासचिव रिटा पटेल की अध्यक्षता में पांच वर्ष पूर्ण होने पर दिया इस्तीफा 2020-2025 के कार्यकाल में पूर्व अध्यक्ष गणेश पटेल द्वारा किए गए कार्यों की सभी सदस्यों ने सराहना की ।जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और मंदिर निर्माण के कार्य को लेकर चर्चा की गई सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश अनुसार संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा संस्था की बैठक में संस्था के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आने वाली 6 अप्रैल को संस्था चेयरमैन पद के लिए वोटिंग की जाएगी । जिसमें संस्था एवं मंदिर के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि जिस सदस्य का संस्था द्वारा बनाया गया आई कार्ड होगा । सिर्फ वोही व्यक्ति वोट डाल सकेगा । वर्तमान में संस्था उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने कहा कि सभी पुराने अधिकारियों ने पिछले बीते 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण ईमानदारी से निभाया जिसकी मैं सराहना करता हूँ । वोटिंग का परिणाम आने 6 अप्रैल ठीक शाम 4 बजे घोषित कर दिया जाएगा । चेयरमैन पद के लिए संस्था द्वारा मनोनीत उम्मीदवारों के नाम पूर्व व्यवस्था प्रमुख श्याम लाल , पूर्व अध्यक्ष गणेश पटेल जी, पूर्व महासचिव रीटा पटेल, पूर्व परिवार संपर्क प्रमुख प्रेम केसी जी , प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी , पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा व अन्य संस्था के सदस्य चुनाव में खड़े हो सकते है । संस्था के प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी ने बताया कि 31 मार्च तक नामांकन पत्र जमा कर सकते है।

## सम्राट टिंकू अढ़ौण बने बाबा सवारनाथ युवा समिति के अध्यक्ष

**विशेष मीटिंग**

▶▶ डेरे की देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए ट्रस्ट की तरफ से युवाओं की सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : गांव बाहरी में सवार नाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट गांव बाहरी जिला कुरुक्षेत्र की विशेष मीटिंग रखी गई। ट्रस्ट के प्रधान मान सिंह और उप प्रधान मिहा सिंह रंगा ने बताया कि डेरे के सभी सदस्यों की सहमति से डेरे की देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए ट्रस्ट की तरफ से युवाओं की सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया । ट्रस्ट की तरफ से सम्राट टिंकू को युवा समिति का अध्यक्ष बनाया गया ।सम्राट टिंकू ने कहा कि डेरे के लिए समर्पित होकर इसकी देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए अधिक से अधिक प्रयास करेंगे। अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का सेवा का कार्य करेंगे ।इस अवसर पर महासचिव फूल सिंह दयालपुर, कोषाध्यक्ष सूरजभान बिबीयान,वरिष्ठ उप प्रधान शेर सिंह ढांडा, वरिष्ठ उप प्रधान बलवंत सिंह मंगला,रामकुमार जोगना खेड़ा, रणधीर सिंह उदारसी, पाला राम चिबबा , रिटायर्ड कर्मचारियों की कमेटी के चेयरमैन बरखा राम भूखड़ी,प्रधान पवन सिंह तूर, वर्तमान कर्मचारी कमेटी के प्रधान गुरनाम सिंह जी उपस्थित रहे।

## शलमली खोलगड़े के साथ नाचा पानीपत

**समालखा 10 मार्च ( कुलदीप सिंह )**

होली नजदीक हो और अगर होली के गीत पर झूमने का अवसर मिले तो कोई नहीं चूकना चाहेगा। ऐसा हुआ भी। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव में बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर शलमली खोलगड़े के गीतों पर पानीपत झूम उठा। जब उन्होंने गीत गाया, बलम पिचकारी तो माहौल में गुलाल उड़ उठे। सभी युवा उनके साथ नाच उठे। इसके साथ ही मशहूर गायक दानिश अल्फाज ने भी युवाओं को अपने गीतों पर नचाया। शलमली खोलगड़े की स्टार नाइट के बाद हजारों लोगों ने चैंपियंस ट्राफी का फाइनल मैच भी लाइव एकसाथ देखा।

## जीवन में साइंस की भूमिका को सहजता से समझाया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**हायर एजुकेशन**

▶▶ मटक माजरी करनाल से मेंटरिंग आफ स्कूल हायर एजुकेशन द्वारा स्कूल में लेक्चर देने के लिए आए

**कुरुक्षेत्र/बाबैन** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा खंड बाबैन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गुलाब सिंह शहीद उधम सिंह राजकीय कॉलेज मटक माजरी करनाल से मेंटरिंग आफ स्कूल हायर एजुकेशन द्वारा स्कूल में लेक्चर देने के लिए आए। प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी द्वारा पुष्प भेंट करके उनका स्वागत किया गया। डॉक्टर गुलाब सिंह के द्वारा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को साइंस की महत्वता के बारे में बताया। हमारे जीवन में साइंस की क्या भूमिका है बड़ी सहजता से छात्रों को समझाया। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में हर जगह विज्ञान है। उन्होंने बच्चों को बताया कि हमें विज्ञान को पढ़ना नहीं है बल्कि इसे समझना है और हम विज्ञान को तभी समझ पाएंगे जब हमारे दिमाग में क्यों नामक प्रश्न उठेगा । जब हम किसी वस्तु को देखते हैं या पढ़ते हैं ,जब तक हमारे दिमाग में क्यों, कैसे? नहीं आएगा तब तक हम उसमें छुपी हुए विज्ञान को नहीं जान पाएंगे। उन्होंने बच्चों को साइंटिस्ट सी वी रमन के बारे में बताया कि किस तरह अपनी हवाई जहाज की यात्रा के समय समुद्र के पानी को देखकर उनके दिमाग में यह प्रश्न उठा की समुद्र का पानी का रंग नीला ही क्यों है ,तब उन्होंने इस नीले रंग के रहस्य को जानने के लिए विज्ञान को समझा। तो उन्हें पता लगा कि समुद्र के पानी का रंग नीला क्यो है? छात्रों ने रुचि के साथ लेक्चर को सुना। डॉक्टर साहब के द्वारा लेक्चर समाप्त होने के बाद छात्रों से प्रश्न भी पूछे। छात्रों ने बड़ी तालीनता से प्रश्नों का जवाब दिया। इस मौके पर पूनम सैनी प्राध्यापक केमिस्ट्री, अशोक कुमार प्राध्यापक फिजिक्स व संजीव कुमार,प्रदीप कुमार ,पंकज कुमार, नवीन सैनी, रेखा छाबड़ा, ममता कुमारी एकता रानी, राजेश शास्त्री उपस्थित रहे।

## अपने जीवन को आनंद से भरे: अंतर्राष्ट्रीय वक्ता प्रेम रावत

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )



**सम्मेलन**

▶▶ इस संसार में सब कुछ बदल जाता है परन्तु जब तक तुम जीवित हो, तब तक स्वांसों का आना-जाना कभी नहीं बदलेगा

अंतर्राष्ट्रीय वक्ता, लेखक एवं शांति दूत प्रेम रावत ने आज देहरादून के परेड ग्राउंड में हजारों श्रोताओं को सम्बोधित किया। प्रेम रावत जी ने देहरादून में पिछले कुछ वर्षों में आये बदलावों का उदाहरण देते हुए समझाया कि "इस संसार में सब कुछ बदल जाता है परन्तु जब तक तुम जीवित हो, तब तक स्वांसों का आना-जाना कभी नहीं बदलेगा। स्वांस का आना जाना ही बनाने वाले की कृपा है। इसलिए तुम इस स्वांस के साथ जुड़ना सीखो, तब तुम्हारी जिंदगी बदल जाएगी, अच्छी हो जाएगी। राजविधा केंद्र की प्रवक्ता तनुजा वशिष्ठ ने बताया कि प्रेम रावत ने अपने संबोधन में एक कहानी के माध्यम से समझाया कि "स्वर्ग और नरक यहीं हैं। जब तुम क्रोध और अहंकार में होते हो, तब तुम नरक में होते हो। जब तुम्हारा हृदय आभार और प्रेम से भरा होता है, तब तुम स्वर्ग में होते हो। अपने जीवन में स्वर्ग का अनुभव करो। उन्होंने आगे समझाया "एक होता है बाहर की आँखें खोलना और एक होता है अंदर की आँखें खोलना। जब अंदर की आँखें खोलोगे, तो वह दिखाई देगा जो अंदर है और हृदय आनंद से भर जाएगा। जो अविनाशी तुम्हारे अंदर है उसको समझो, उसको जानो और अपनी जिंदगी को सफल करो। यह है हमारा संदेश, ये सिर्फ शब्द ही नहीं हैं। उसका अनुभव करने की विधि भी हमारे पास है। उसे हम ज्ञान कहते हैं। श्री प्रेम रावत ने यह भी बताया कि उनके सन्देश पर आधारित "पीस एजुकेशन प्रोग्राम" पूरी दुनिया में पाँच लाख से अधिक लोगों के जीवन में एक सुन्दर परिवर्तन लेकर आया है और कहा

"आज वही संदेश हम तुम्हारे लिए लाए हैं ताकि तुम्हारे जीवन में भी वह बदलाव आए और तुम अपने जीवन का आनंद ले सको।"

राजविधा केद्र की जोनल प्रवक्ता तनुजा वशिष्ठ ने बताया कि वर्ष 1970 के दशक में एक बाल प्रतिभा और युवा आइकन के रूप में शुरूआत करने वाले प्रेम रावत ने लोगों को स्पष्टता, प्रेरणा और जीवन के प्रति गहरी समझ दी है। एक विश्व शांतिदूत की भूमिका के रूप में उन्होंने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। आज उनका संदेश 110 से अधिक देशों में सुना जाता है, जहाँ वे हर व्यक्ति को आशा और शांति का संदेश देकर आंतरिक सुख और शांति का व्यावहारिक मार्ग दिखा रहे हैं। उनके कार्यों को दुनिया भर में सराहना मिली है।

## हथीरा स्कूल के शिक्षक चला रहे हैं घर-घर जाकर दाखिला अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरूक्षेत्र** : राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के इंचार्ज सूबे सिंह और शिक्षक सत्यवान ढांडा एवं अन्य सभी स्टाफ सदस्यों सहित आज पुन: गांव व डेरे में बाल वाटिका एवं प्रथम कक्षा में नये दाखिला के लिए घर घर जाकर दाखिला अभियान चलाया गया। इस सर्वे में स्टाफ की कोशिश उन बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है जो अन्य प्राइवेट स्कूलों में कम आयु में होने पर भी आंगनबाड़ी केंद्र छोड़ कर जाते हैं यह एक ऐसी बात है जिसके कारण सरकारी स्कूलों में बच्चे दाखिल नहीं हो पाते यदि आंगनबाड़ी केंद्र में आयु अनुसार बच्चे बने रहें तो बच्चे उपयुक्त आयु में कोर्ट के निदेशों अनुसार दाखिल हो सकेंगे जिससे बच्चों का सही समय पर दाखिला होगा और मानसिक विकास संतुलन अनुसार हो सकेगा।सूबे सिंह ने अभिभावकों को सकारात्मक रूप से समझाते हुए कहा कि सरकारी विद्यालय और शिक्षा एवं पर्यावरण उत्तम स्तर का है जिसमें बच्चे खेलते हुए शिक्षा ग्रहण करते हैं और प्राइवेट स्कूलों के अनावश्यक आर्थिक बोझ से, अनावश्यक समय से बचते हैं क्योंकि प्राइवेट स्कूलों की बसों के कारण बच्चे एक गांव से दूसरे गांव या शहर में अनावश्यक रूप से दो दो घंटे पहले चलते हैं और समय की बबार्दी होती है और अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है।

# शिविर में आनी वाली समस्याओं के तत्काल निदान से आम जन के जीवन में आ रहा बड़ा बदलाव: उपायुक्त

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह ने हर निर्णय में हरियाणा के हितों का ध्यान रखा है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है जहां आम व्यक्ति के हितों की अनदेखी की हो। उनके द्वारा किये गये विकास कार्यों की चर्चा है। जिला उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने सोमवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जनता समाधान शिविर लोकप्रियता के रिकार्ड स्थापित कर रहा है। अधिकारियों के विशेष योगदान ने आम व्यक्ति का हौंसला बढाया है। उनके निजी जीवन में बदलाव आया है। समाधान शिविर में समस्या लेकर



आने वाले लोग निसंकोच होकर प्रशासन के सामने अपनी समस्या रख रहे हैं। एक प्रकार से यह शिविर लोगों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पायुक्त ने बताया कि लगातार संचालित किये जा रहे इस समाधान शिविर की लोक प्रियता आज भी कायम है। इसका अंदाजा शिविर में लोगों द्वारा पेश की जा रही समस्याओं से लगाया जा सकता है। रोजाना विभिन्न क्षेत्रों से लोग प्रशासन के समक्ष अपनी विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्या रखते हैं। उपायुक्त ने बताया कि यह समाधान शिविर लोगों को स्वावलंबी बनाने , मानसिक तौर पर सशक्त होने का अहसास जहां दिलाता है वहीं से मददगार साबित हो रहा है। निश्चित रूप से यह शिविर लोगों के आर्थिक व सामाजिक विकास के दृष्टिगत निश्चय ही विकसित जिले के लिए यह एक सुखद संकेत है। निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जिस प्रकार से समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। निःसंदेह लोगों का प्रशासन के प्रति नजरीया काफी हद तक बदला है। अधिकारियों के कौशल उनकी कार्य करने की क्षमता ने प्रशासन को लेकर उठने वाले सभी सवालों को शांत कर दिया है। समाधान शिविर में पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई करते हुए पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि शिविर में जो लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं उनकी समस्याओं की गंभीरत में जाकर उनका समाधान करना हमारी डयूटी है। जल्द से जल्द हर समस्या का समाधान करें। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 71 समस्याएं पहुंची जिनमें ज्यादातर समस्याओं का अधिकारियों ने मौके पर समाधान किया।

# होली के रंग कन्हा के संग संगीत समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में गुलजारीलाल नंदा स्मारक संस्थान में सुर संगम कलामंच, कुरुक्षेत्र द्वारा होली के रंग कन्हा के संग शीर्षक पर भव्य संगीतमय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने संगीत, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. शुचिस्मिता, निदेशक, गुलजारीलाल नंदा स्मारक संस्थान ने की। इस अवसर पर डॉ. विभा अग्रवाल ने होली और हमारे त्योहार विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने होली के सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। सुर संगम कला मंच के सभी कलाकारों ने सुमधुर भजनों और



रंगारंग गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। होली आई रे, रंग बरसे, श्याम रंग में रंगी रे जैसे गीतों पर श्रोता भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरे आयोजन में संगीत और भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। संस्थान और सुर संगम कला मंच के इस सांस्कृतिक आयोजन को सभी ने सराहा और इसे भारतीय उत्सव परंपरा को जीवंत रखने का एक उत्कृष्ट प्रयास बताया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक होली गीत और रंग-अभिनंदन के साथ हुआ। मंच संचालन डॉ. सत्य भूषण ने किया।

कार्यक्रम में श्रीश्याम शर्मा, विशाल शर्मा, गायत्री आर्य, बिंदु गर्ग, सुमन सैनी, राजेश सैनी, डॉ. ऋषिपाल गुप्ता, डॉ दीपाली गुप्ता, सत्य भूषण, पृथ्वीनाथ गौतम, अमित अग्रवाल, बलदेव सिंह, अशोक अग्रवाल, विभा अग्रवाल, सूर्यकांत विशिष्ट, सुनीता शर्मा, सोम प्रकाश, योगेश कुमार में भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### निगम पार्षद व मेयर की मतों की गणना की सभी तैयारियां पूर्ण: उपायुक्त

**पानीपत , (कमाल हुसैन ) उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम पार्षद व मेयर के चुनाव की मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आर्य पीजी कॉलेज में सभी 26 वार्डो की मतों की गणना का कार्य 12 मार्च को निर्धारित है। मतगणना को शांतिपूर्ण व अनुशासनात्मक तरीके से करवाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि 12 मार्च को मतों की गणना का कार्य सुबह 8 बजे आर्य कालेज में प्रारंभ होगा। 365 बूथों की गणना के लिए 20 टेबलें लगनी है। एक टेबल निर्वाचन अधिकारी की अलग से लगाई जाएगी। मतों की गणना का कार्य बिल्कुल पारदर्शिता तरीके से किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिन अधिकारियों की डयूटी मतगणना में लगाई गई उन्हें इसकी सूचना दी जा चुकी है। 26 के 26 वार्डो की गणना का कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा। मेयर व पार्षद की मतों की गणना एक साथ की जाएगी। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मद्प्रकाश ने बताया कि मतों की गणना में 3 डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए है। इसको लेकर सभी को सूचित किया जा चुका है। सभी को इसके संदर्भ में प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मतों की गणना से पहले रैंडामाइजेशन किया जाएगा। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 19 राउंड में मतों की गणना होगी। इस मौके पर सामान्य ऑब्र्जवर के अलावा डयूटी मजिस्ट्रेट मौके पर माजूद रहेंगे।

### ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल महिला दिवस पर सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: ग्रीन फील्ड पब्लिक** स्कूल की प्रिंसिपल डॉ० सुमिता ठाकुर को महिला दिवस के अवसर पर उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रेरणा वृद्ध आश्रम कुरुक्षेत्र, भगवती वेलफेयर सोसाइटी, समाचार क्यारी पंचकूला द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। सम्मान समारोह में उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना की गई। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। सम्मान प्राप्त करने पर उन्होंने संस्थाओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनकी, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आगे भी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

### केरल बनाम आरपीएफ के मुकाबले में केरल 3-0 से बना विजेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। 73वीं अखिल भारतीय** वॉलीबॉल क्लस्टर समूह 2024-25 के दौरान वच्छेर स्टेडियम मधुबन में वॉलीबॉल के तीसरे दिन पुरूष वर्ग में केरल बनाम आरपीएफ के मुकाबले में केरल 3-0 से विजेता रहा। राजस्थान बनाम हरियाणा के मुकाबले में राजस्थान 3-0 से विजेता बनी। पुंडुचेरी बनाम सिक्किम के मुकाबले में पुडुचेरी 3-2 से विजेता रही। वहीं बीएसएफ बनाम तेलंगाना के मुकाबले में बीएसएफ 3-1 से विजेता रही। इसी प्रकार से महिला वर्ग जिसमें झारखंड का मुकाबला आरपीएफ से था। इसमें झारखंड 3-2 से विजेता हुई। अन्य मैच ओडिशा और हरियाणा के बीच में हुआ, जिसमें ओडिशा 3-0 से विजेता हुई एवं आगामी चरण में प्रवेश प्राप्त किया। इसके अलावा सेपक-टकरा पुरुष वर्ग में गुजरात और दिल्ली का मुकाबला हुआ, जिसमें गुजरात 2-1 से विजेता रहा। इसके अतिरिक्त तमिलनाडु और हरियाणा में तमिलनाडु ने 2-1 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में गुजरात ने यूपी को 2-1 से हराया। प्रतियोगिता के दौरान विशेष रूप से ओपी नरवाल, आयोजन सचिव, सुरेन्द्र पाल, उपमहानिरीक्षक, विनोद कुमार, आदेशक चतुर्थ वाहिनी, भूपेन्द्र सिंह, आदेशक, पंचम वाहिनी, बलजिन्द्र सिंह, आदेशक द्वितीय वाहिनी, पुष्पा खत्री, पुलिस अधीक्षक, हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी खिलाडि?ों का उत्साहवर्धन करते हुए नजर आए।

# समस्याओं के निदान से आ रहा बदलाव: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जिला सचिवालय के** कॉन्फ्रेंस हॉल में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी निरीक्षक व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में उपायुक्त ने समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के साथ 7 सूत्रीय एंजेडें पर चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि हर आंगनवाड़ी केंद्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी व सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।





केंद्रों में अनियमिताएं बरदार्शत नहीं की जाएगी। आंगनवाड़ी से जुड़े बच्चों का मुफ्त हैल्थ चैकअप करवाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को बच्चों को लाने व ले जाने के लिए एंबुलैंस की व्यवस्था करनी होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के मनोरंजन के लिए झोले व खिलौनों का अभाव है वहां पर बच्चों के लिए ये संसाधन उपलब्ध करवायें जाएगें ताकि बच्चें खेल खेल में शिक्षा भी ग्रहण कर सके। उपायुक्त ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी तथा शौचालय इत्यादि है व्यवस्था की जाएगी और आगनवाड़ी केन्द्र की मुरम्मत का भी कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी केंद्रों की रिपेयरिंग करने व मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने केन्द्रो में स्टोरेज, फर्नीचर ,कुर्सी, मेज, बच्चों की छोटी कुर्सी खिलौने, झुले पानी की टंकी के उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को मिलने वाले आहार में किसी भी तरह की कोताही न बरतें। उपायुक्त ने कहा कि जिन गांव के आंगनवाड़ी केंद्रों मे पानी की व्यवस्था नहीं है उनमें पानी की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

# छात्र राजेश कुमार ने यूनिवर्सिटी टॉप कर गोल्ड पर किया कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**कुरुक्षेत्रा यूनिवर्सिटी** कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के परीक्षा परिणाम में गीता इंजीनियरिंग कालेज के छात्र राजेश कुमार यादव ने गोल्ड मैडल हासिल कर कालेज का नाम रोशन किया है। राजेश कुमार यादव की इस उपलब्धि पर गीता ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट प्रबंधन समिति ने बधाई दी है।

गीता इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डा अमित कुमार ने बताया की गत दिनों करुक्षेत्रा यूनिवर्सिटी द्वारा बीटेक सिविल इंजीनियरिंग का परीक्षा परिणाम घोषित किया था। परीक्षा परिणाम कॉलेज के छात्र



राजेश कुमार यादव ने स्वर्ण पदक के साथ यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्र ने कॉलेज ही नहीं क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्रबंधन समिति के चेयरमैन एसपी बंसल ने बधाई दी है।

# अवैध खनन रोकने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** श्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही सरकारी नियमों की अनुपालना प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो, इस पर विशेष फोकस कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने के साथ ही योजनाओं के क्रियांवयन पर भी हरियाणा सरकार विशेष ध्यान केंद्रीत कर रही है। हरियाणा सरकार खनन विभाग के माध्यम से राज्य में खनिज संसाधनों के अंवेषण, विकास और प्रबंधन को कवर कर रही है। खनन विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग का कहना है कि अवैध खनन को रोकने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है और संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के आदेश दिए गए हैं। अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर हरियाणा सरकार की पारखी नजर है ओर नियमों की अवहेलना करने वालों पर तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के आदेशानुसार व डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया की देखरेख में अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर सख्त कदम उठाए हैं।

# हरियापुर में नवीन संकल्प शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा** थानेसर हल्के के गांव हरियापुर में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। इस संकल्प शिविर में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में



विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है।

# राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान का हुआ आयोजन

**सोनीपत: बाल युवा नारी जागृति** मंच संस्था की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 27वां नारी रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग क्षेत्र से आने वाली नारी शक्ति और समाज सेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्य केलिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय विद्यापीठ कॉलेज, पश्चिम विहार, दिल्ली के खूबसूरत प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सोनीपत से ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन, प्राचार्या सुमन बाला,हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, गीता, मास्टर सुरेंद्र कश्यप, ऋतुराज, पिंकी, सुमन छिक्कारा, कांता हुड्डा दर्शना, रुचिका ,मीनाक्षी आदि को भी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मान पत्र देकर कृतार्थ किया गया।

# रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़ी भ्रांतियों का सच

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**बढ़ती जीवन प्रत्याशा** के साथ, आज अधिक से अधिक लोग अपने जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का विकल्प चुन रहे हैं। हालांकि, पारंपरिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में कई सामान्य समस्याएं सामने आती हैं, जैसे कि अपर्याप्त योजना, गलत आकार के इम्प्लांट, असमान संरेखण और संक्रमण का अधिक खतरा। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए अब रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसी नवीनतम और क्रांतिकारी तकनीक उपलब्ध है, जिसमें टोटल और पार्शियल नी रिप्लेसमेंट किया जा सकता है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी



हॉस्पिटल, शालीमार बाग के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट और ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डायरेक्टर डॉ. साइमन थॉमस ने बताया कि ह्लरोबोटिक नी सर्जरी को लेकर कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जिनमें से एक यह है कि सर्जरी स्वयं रोबोट करता है। वास्तव में, रोबोटिक सर्जरी हमेशा सर्जन द्वारा ही की जाती है। रोबोट केवल एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है, जो मरीज के घुटने का 3ऊमॉडल तैयार करने में मदद करता है। यह मॉडल सर्जरी की पूर्व योजना बनाने और इम्प्लांट को सही ढंग से संरेखित करने में सहायता करता है। रोबोट सर्जन को अधिक सटीकता और एक्यूरेसी से सर्जरी करने में मदद करता है, लेकिन पूरी प्रक्रिया सर्जन के नियंत्रण में होती है। एक और आम भ्रांति यह है कि रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट में कस्टम-निर्मित इम्प्लांट का उपयोग किया जाता है। वास्तविकता यह है कि इसमें वही इम्प्लांट उपयोग किए जाते हैं जो पारंपरिक सर्जरी में होते हैं। अंतर केवल इतना है कि रोबोट की सहायता से इन्हें अधिक सटीक रूप से मरीज के प्राकृतिक घुटने के अनुरूप संरेखित किया जाता है। इस तकनीक के कारण मरीज को बेहतर फिटिंग, अधिक संतुष्टि और जल्दी रिकवरी का लाभ मिलता है।

डॉ. साइमन ने आगे बताया कि कुछ लोगों का मानना है कि रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के परिणाम पारंपरिक सर्जरी से बेहतर नहीं होते। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में इस सर्जरी के अनुभव सकारात्मक रहे हैं। सटीक संरेखण, सही इम्प्लांट फिटिंग और टिशू प्रिजर्वेशन जैसी विशेषताओं के कारण यह तकनीक अधिक प्रभावी साबित हुई है।

# खुली बोली 13 मार्च को दोपहर 12.30 बजे की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार** दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में स्थित लघु सचिवालय/न्यायिक परिसर के साईकल, स्कूटर, कार, जीप स्टैण्ड वर्ष की पार्किंग वर्ष 2025 यानि 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक ठेके पर दी जानी है। जिसके लिए खुली बोली 13 मार्च 2025 को दोपहर 12.30 बजे की जाएगी। उक्त बोली लघु सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में उपमण्डल अधिकारी (ना.) पानीपत, नगराधीश पानीपत, लेखाधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय और जिला नाजर की देखरेख में की जाएगी। उन्होंने बताया कि बोली देने के लिए उपरोक्त तिथि को ही उक्त समय से पूर्व जिला नाजर शाखा, उपायुक्त कार्यालय, प्रथम तल कमरा नम्बर 109 में अपनी मु. 1 लाख रुपए की धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट (उपायुक्त महोदय पानीपत के नाम) जमा करवाना होगा। बोली का एक चौथाई भाग सफल बोलीदाता को उसी समय जमा करवाना होगा। बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार उपायुक्त पानीपत को होगा। निलामी की बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएगी।

# गांव मनाना के खो-खो खिलाड़ियों ने जीता सिल्वर मेडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**
**जिला चरखी दादरी** में आयोजित 8 ,9 मार्च को हरियाणा राज्य खो खो संघ की ओर से 44 वीं सीनियर महिला एवं पुरुष खो खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला पानीपत की ओर से महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में जिला पानीपत ने द्वितीय स्थान एवं महिला वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया इस शुभ अवसर पर जिला खो खो संघ के प्रधान नवीन सैनी जिला महासचिव रविंदर सिंह प्रिंसिपल



सरिता देवी तथा महेंद्र सिंह चेयरमैन रेफरी बोर्ड हरियाणा राज्य खो खो संघ ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जिला महासचिव रविंदर सिंह ने बताया यह उपलब्धि खिलाड़ियों द्वारा सुबह शाम 4 घंटे कड़ी मेहनत से प्राप्त हुई है। हम भविष्य में भी इसी प्रकार गांव के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते रहेंगे।

# सत्यवीर गुप्ता वएडवोकेट शिव कुमार गर्ग निर्वाचित हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा की प्रतिष्ठित** वैश्य एजुकेशन सोसाइटी व उसके अधीनस्थ महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान पदो के लिए मतदान कराया गया,जिसमे छतरी चुनाव चिन्ह का परचम लहराया। सोसाइटी के प्रधान पद पर समाज सेवी सत्यवीर गुप्ता व महाराजा अग्रसेन स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान पद पर एडवोकेट शिव कुमार गर्ग निर्वाचित हुए। जबकि निगम चुनाव के कारण प्रदेश मे लगी आचार संहिता के कारण वैश्य कन्या कालेज के चुनाव टाल दिए गए। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी व उसके



अधीनस्थ शिक्षण संस्थाओ के बाकि पद निर्विरोध निर्वाचित हुए चुनाव अधिकारी सेवानिवृत्त प्रोफेसर आर डी शर्मा ने देर शाम चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि वैश्य एजुकेशन सोसाइटी व महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान पद के लिए हुए मतदान के दौरान कुल 287 मतदाताओ मे से 263 सदस्यो ने मतदान किया जिसमे 2 मत रद्द हुए। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान पद पर सत्यवीर गुप्ता ने 196 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी सत्य प्रकाश गर्ग को 130 मत से हराया। सत्य प्रकाश गर्ग को कुल 66 मत हासिल हुए। जबकि महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रधान शिव कुमार गर्ग निर्वाचित हुए। उन्होने 198 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी बिजेंद्र बिट्टू को हराया। बिजेंद्र उर्फ बिट्टू को कुल 69 मत पडे। परिणाम घोषित होने के बाद अनाज मंडी मे समर्थको ने मिठाइया बांट कर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के पूर्व प्रधान तिलक राज गर्ग ने बताया कि वैश्य एजुकेशन सोसाइटी व इसके अधीनस्थ संस्थाओ वैश्य कन्या कालेज,वैश्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल,वैश्य सीनियर सेकंडरी स्कूल व महाराजा अग्रसेन स्कूल के हर तीन साल बाद चुनाव होते है। सोसाइटी व अन्य संस्थाओ के बाकि पदो के चुनाव निर्विरोध हो चुके है।

**वैश्य एजुकेशन सोसाइटी**
प्रधान-सत्यवीर गुप्ता, उपप्रधान-राम कुमार गोयल,सचिव-नीरज गोयल, कैशियर-ईश्वर मित्तल और विनित मित्तल, राजेंद्र जैन, जयभगवान गर्ग कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

**महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल**
प्रधान-शिव कुमार गर्ग, उपप्रधान-गौतम गर्ग, सचिव-प्रदीप मित्तल, मैनेजर-धीरज मित्तल व कैशियर-प्रदीप मित्तल चुने गए।

**वैश्य ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल**
प्रधान-राजेंद्र गोयल, उपप्रधान-राजेंद्र गर्ग, सचिव-वेद प्रकाश गर्ग, मैनेजर-राधेश्याम जिंदल, कैशियर-अनुज मित्तल निर्वाचित हुए।

# मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए ने किया विधायक राजकुमार भाटिया का अभिनन्दन


















**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के मजलिस** पार्क इलाके में वेलफेयर एसोसिएशन मजलिस पार्क के द्वारा आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजकुमार भाटिया का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया के अलावा एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने किया विधायक राजकुमार भाटिया का स्वागत:** कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए ने विधायक राजकुमार भाटिया का स्वागत किया गया और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान मजलिस पार्क क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**मजलिस पार्क का अहसान मैं कभी भी नहीं उतार सकता:** विधायक राजकुमार भाटिया ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं मजलिस पार्क के सम्मानित लोगों का अहसान कभी भी नहीं उतार पाऊगां। मैं यहां पर मौजूद सभी लोगों का अभिनन्दन करता हूं। पहले मैं वोट मांगने आया था, अब काम मांगने आया हूँ। आप मुझे ज्यादा से ज्यादा काम बताओ। मैं आपके काम करवाने के लिए वचनबद्ध हूँ।

**आरडब्ल्यूए के कार्यों को सराहा:** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने आरडब्ल्यूए के कार्यों की सराहना की और कहा कि मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए जनता की समस्याओं का समाधान करने में हमेशा ही आगे रहती है।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एससी दीक्षित, पूर्व महासचिव आईएस बंसल, महासचिव सुशील बंसल, कोषाध्यक्ष नीरज कपूर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## कशिश काव्य मंच द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के यमुना** विहार में कशिश काव्य मंच द्वारा श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। सभी पदाधिकारियों और आमंत्रित सदस्यों एवं कवि एवं कवयित्रियों के मिलेजुले प्रयास से बहुत शानदार रहा। होली से संबंधित रचनाओं के साथ-साथ हास्य व्यंग्य, गीत संगीत से सुसज्जित ये समारोह बहुत ही बढ़ाया रहा। हिंदुस्तान के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ अशोक मधुप ने मंच की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को कशिश मंच के पदाधिकारियों द्वारा होली की रंग बिरंगी टोपियों को पहना कर एवं गुलाल लगा कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर चाय, पकौड़े, गुजियों का सबने मिलकर रसास्वादन लिया। कार्यक्रम के अंत में एक शानदार भोजन और मिष्ठान के साथ होली मिलन समारोह का सुखद समापन हुआ। मंच का शानदार संचालन डॉ अशोक सम्राट एवं कवयित्री कंचन कशिश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। होली मिलन समारोह में इंद्रजीत सिंह जीत, राजकुमार अर्जुन ,संजय कुमार गिरि, गुरमीत सिंह मरजाना आदि ने होली पर रंगारंग कविताएं पढ़कर श्रोताओं का मन जीत लिया।

## कोली समाज ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय कोली समाज शाखा दिल्ली प्रदेश ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र माहौर, राष्ट्रीय मंत्री देवराज कोली, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जयपाल सिंह कोली, डॉ जयपाल सिंह, रामदयाल रिटायर्ड हेल्थ मिनिस्ट्री, किशोरी लाल रिटायर्ड पीआरओ एमसीडी शाहदरा जोन, हरिओम, एड. रजनीश कपूर, कन्हीलाल, हेमंत माहौर, चन्द्र मोहन एवं अन्य वरिष्ठ समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री देवराज कोली ने सभी को होली की बधाई दी और कहा कि हमारे जीवन में त्यौहारों का बड़ा ही महत्व है। उन्होंने आगे बताया कि होली रंगों को त्योहार है, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।



भारत नगर डबल स्टोरी दिल्ली में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग।

## दिल्ली सरकार का बजट सत्र 24 व 25 मार्च को होगा पेश

**नई दिल्ली। दिल्ली सरकार** का बजट सत्र 24 से 28 मार्च तक दिल्ली विधानसभा में चलेगा। इस दौरान 25 मार्च को दिल्ली का बजट पेश किया जाएगा, जिसके बाद 26 मार्च को बजट पर चर्चा की जाएगी।

27 मार्च को बजट को पास किया जाएगा। यह जानकारी दिल्ली विधानसभा से जारी एक बुलेटिन में दी गई। इस बजट सत्र का उद्देश्य दिल्ली के वित्तीय और विकास वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना है। राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए योजनाओं की घोषणा की जा सकती है। यह बजट दिल्ली सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इसमें आगामी वर्ष के लिए वित्तीय योजनाओं और प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाएगा, जो राज्य की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली के बजट को लेकर महिलाओं, शिक्षाविदों, व्यापारियों और झुग्गी-बस्ती के लोगों से लगातार संवाद कर रही है। इसके साथ-साथ दिल्ली के सरकार मंत्री बजट को लेकर दिल्ली के लोगों से सुझाव ले रहे हैं।



संगम पार्क में श्रीराम नाट्य मंच द्वारा नवनिर्वाचित विधायक अशोक गोयल देवराहा का भव्य स्वागत एवं होली मंगल मिलन समारोह के दौरान विधायक अशोक गोयल देवराहा, केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी, पूर्व जोन चेयरमैन नत्थूराम नागर, सुरेश लखन व सचिन गौड़ मौजूद रहे।

# मॉडल टाउनः समदर्शी संस्था ने किया होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** मॉडल टाउन इलाके के स्टोर वाला पार्क में समदर्शी रजि. संस्था मॉडल टाउन के द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने सभी को होली की बधाई दी और कहा कि होली का पर्व सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। सांसद एवं गीतकार मनोज तिवारी जी द्वारा प्रस्तुत गीतों द्वारा होली पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समदर्शी संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में समदर्शी (रजि.) द्वारा समाज में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशोक गोयल देवराहा, राजा इकबाल सिंह, निगम पार्षद मॉडल टाउन विकेश सेठी, कमला नगर से पार्षद रेनू अग्रवाल, संगम पार्क वार्ड से निगम पार्षद व जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी, तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, दिनेश प्रताप सिंह भाजपा नेता, तोखन साहू राज्य मंत्री भारत सरकार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आपको बतादें कि इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने संस्था के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर संस्था के प्रधान पंकज गर्ग, संजीव गुप्ता महासचिव, विरेन्द्र बसंल, देवेन्द्र कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपप्रधान, महेश सिंघल, प्रवीन गुप्ता, रोहित जैन, राजकुमार एंव मंजू गोयल, सत्यपाल बंसल, मुकेश जिंदल, अखिल सिंघल, नरेश रावत, राकेश रावत, मनीष अग्रवाल, मनीष मित्तल के अलावा संस्था के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'होरी को हुड़दंग मच्यो चहुं ओर बिरज में'

## रंगभरनी एकादशी पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर खेली गई होली, ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर वृंदावन में भी उमड़ी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः होरी** को हुड़दंग मच्यौ है चहुं ओर ब्रज में। बृजवासी होली के उल्लास में डूबे हैं। देश विदेश से आये लाखों लाख श्रद्धालु भी मगन हैं। बरसाना और नंदगांव, रावल होते हुए रंगभरनी एकादशी को होली का हुडदंग मथुरा, वृंदावन की गलियों में पहुंच गया। ब्रजवासी होरी के उल्लास को हुडदंग ही कहते हैं। ब्रजवासियों के उल्लास को देखकर बाहर से आने वाले श्रद्धालु दंग रह जाते हैं, इसलिए इसे हुड़दंग कहा जाने लगा। होली का धमाल रंगभरनी एकादशी को मथुरा में मचा। रंग, गुलाल, फूल की बरसात के बीच हुरियारों ने भगवान कृष्ण की जन्मस्थली पर खूब धमाल मचाया। समूचा श्रीकृष्ण जन्मस्थान



परिसर राधा कृष्ण की प्रेम भरी होली के रंग में रंग गया। ऐसा लगता था मानो उड़त गुलाल लाल भये बदरा, सुबह से ही श्री कृष्ण जन्म स्थान में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। लीला मंच के सामने का पूरा मैदान दोपहर तक खचाखच भर गया था। भागवत भवन को जाने वाली सीढियों पर लोग बैठ गये और कुछ देर में वहां भी जगह नहीं बची। लोग जहां स्थान मिला वहीं जम गये। लीला मंच पर कलाकारों द्वारा दी जा रही होली की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु मगन होकर झूम रहे थे। पूरा वातावरण अलौकिक अनुभूति करा रहा था। वातावरण में भक्ति और कला का संगमन जो हो रहा था। आंखों पर सीधा पड रहे सूरज की गर्मी जब कुछ कम होने लगी और सूर्य देव पश्चिमांचल को जाने लगे तो होली की मस्ती अपने चरम पर पहुंच गई। नंदगांव, बरसाना, रावल की तरह यहां भी लठामार होली का आयोजन होता है लेकिन सभी की अपनी कुछ विशेषताएं हैं। जन्मभूमि की होली भी इससे अछूती नहीं रही। लीला मंच की छत पर गुलाल की बोछार के लिए पंप लगाए गये थे। पुष्पों, चंदन और गुलाल की खुशबू से वातावरण महक रहा था। अभी लोग लीला मंच पर कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद ले रही रहे थे कि नजारा एक दम बदल गया। सांस्कृतिक होली का यह उत्सव लठामार होली में बदल गया। सुंदर परिधानों में सजीं हुरियानें हाथों में सुसज्जित लाठियां लेकर मैदान में उतर आई। दूसरी ओर कमर में फैट बांधे हूरियारे भी आ गये। ब्रज की प्राचीन होली की सांखी परंपरा जैसा दृश्य बन गया। इसके बाद जमकर लठामार होली खेली गई। पता ही नहीं चला भगवान भास्कर कब पश्चिमांचल गामी हो गये। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की प्राचीर और पताका भगवान भास्कर की रश्मियां पड रहीं थीं लेकिन नीचे शाम ढल चुकी थी। इसे बाद हुरियारों ने हुरियारिनों को नमन किया। श्रद्धालु भी निकास द्वार से प्रस्थान करने लगे। होली के इस पावन अवसर पर जन्मस्थान लीला मंच पर राधा कृष्ण स्वरूपों द्वारा लीला का मंचन किया गया।

# युवा व्राह्मण संगठन ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः राया युवा** ब्राह्मण संगठन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह इस संदेश के साथ मनाया गया कि होली प्रेम के साथ मनाएं। होली रंगों का ही नहीं बल्कि आपसी भाईचारे का भी पर्व है। हमें इस पर्व को एक दूसरे के साथ खुशियों के साथ मिलकर मनाना चाहिए। उक्त विचार पूर्व विधायक राजकुमार रावत ने राया में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। सादाबाद रोड़ पर युवा ब्राह्मण संगठन के तत्वावधान में फाग महोत्सव का आयोजन किया जिस का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार रावत ने भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। पूर्व विधायक राजकुमार



रावत ने कहा जग होरी ब्रज में होरा प्रसिद्ध है रंगों के इस पर्व को धूमधाम के साथ मनाएं। इस दौरान लोगो ने राधाकृष्ण के स्वरूपों के साथ रंग गुलाल उड़ाकर फूलों की होली खेली। इस मौके पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अरविंद शर्मा, डा शिवदत्त शर्मा,रोहित शर्मा ,हरिमोहन उपमन्यु, मनोज नागर राजकुमार उपमन्यु, सुभाष चन्द्र शर्मा पंकज शर्मा, पुनीत चौबे आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम समापन पर संगठन अध्यक्ष विशाल पाराशर ने आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई में जल्द ही एलईडी एक्सपो

**नई दिल्ली।** ऑटोमेशन, कस्टमाइजेशन, इंटेलिजेंस और ऊर्जा दक्षता के आराम को मिलाकर – लाइटिंग उद्योग विभिन्न नवाचारों के साथ उभर रहा है। मेसे फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर इंडिया द्वारा आयोजित, एलईडी एक्सपो मुंबई भारत का एकमात्र समर्पित मंच है जो प्रकाश से जुड़ी हर चीज को कवर करता है। 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के साथ लगभग 6,000 से ज्यादा उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए, एलईडी एक्सपो मुंबई का आगामी संस्करण 3 से 5 अप्रैल 2025 तक बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जिसका आयोजन मेसे फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर इंडिया द्वारा किया जाएगा। एलईडी एक्सपो मुंबई में एलईडी लाइटिंग समाधानों का अनूठा समामेलन प्रस्तुत किया जाएगा, जो न केवल लाइटिंग उद्योग की सेवा करेगा, बल्कि स्मार्ट लाइट्स, डिजाइन और सजावट के लिए एलईडी, वायुमंडलीय प्रकाश व्यवस्था



और स्वास्थ्य के लिए एलईडी और प्रकाश अनुप्रयोगों में बायोमिमिक्री जैसे समस्या–समाधान नवाचारों जैसी अपेक्षाकृत नई अवधारणाओं पर भी गहराई से चर्चा करेगा। आगामी संस्करण में 20 से अधिक प्रदर्शकों के साथ इलेक्ट्रिकल सेगमेंट में वृद्धि दर्ज की गई है।

अपने विचार व्यक्त करते हुए मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक श्री राज मानेक ने कहा, एलईडी तकनीक सौंदर्यीकरण परियोजनाओं, इनडोर और आउटडोर सजावट, स्वास्थ्य, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक स्थानों की लाइटिंग जैसे कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। एलईडी लाइट्स – ऊर्जा कुशल होने के अलावा अधिक चमकदार होती जा रही हैं, जिससे ऊर्जा की खपत कम हो रही है। मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि एलईडी और लाइटिंग उद्योग एक बार फिर एलईडी एक्सपो मुंबई 2025 में एकजुट होंगे और भविष्य के लिए नवाचारों को प्रस्तुत करेंगे, जिसकी ओर भारत आगे बढ़ रहा है।

भारत के एलईडी लाइटिंग उद्योग में कुछ बढ़ते अनुप्रयोग बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में लैंडस्केप लाइटिंग और स्टेडियमों में फ्लडलाइट्स हैं। इनसे ल्यूमिनेयर सेगमेंट के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत बड़े पैमाने पर सार्वजनिक परियोजनाओं के साथ तेजी से बदलाव की योजना बना रहा है। मोर्डोर इंटेलिजेंस की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय एलईडी लाइटिंग उद्योग में औद्योगिक और वेयरहाउस सेगमेंट मजबूत है, जिसने पिछले वर्ष 2024 में कुल इनडोर एलईडी लाइटिंग बाजार में लगभग 58% हिस्सेदारी दर्ज की थी। इसमें यह भी कहा गया है कि ऑटोमोटिव हेडलाइट्स भारत के ऑटोमोटिव यूटिलिटी एलईडी लाइटिंग बाजार में प्रमुख सेगमेंट के रूप में उभरे हैं, जो 2024 में लगभग 35% बाजार हिस्सेदारी रखते हैं।

### डीपी वर्ल्ड ने अपने वेयरहाउस ऑपरेशंस में ऑल–वीमेन शिफ्ट की शुरूआत की

**गाजियाबाद।** डीपी वर्ल्ड ने गुजरात और राजस्थान में अपने वेयरहाउस ऑपरेशंस में ऑल–वीमेन शिफ्ट की शुरूआत की है यानी इस शिफ्ट में सिर्फ महिला कर्मी हीं काम करेंगी। जल्द ही बिहार और उत्तर प्रदेश के केंद्रों पर भी इस पहल को विस्तार देने की योजना है।वैश्विक स्तर पर स्मार्ट एंड–टू–एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड ने एक अग्रणी ई–कॉमर्स ब्रांड की गुजरात स्थित सॉर्टिंग फैसिलिटी में पिछले साल ऑल–वीमेन शिफ्ट के साथ पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। यह टीम सॉर्टिंग, स्कैनिंग और पैकेज को कैटेगराइज करने की जिम्मेदारी संभालती है। इससे सटीक और दक्ष तरीके से ऑर्डर की प्रोसेसिंग सुनिश्चित होती अब इस पहल को राजस्थान में डीपी



वर्ल्ड के वेयरहाउसिंग ऑपरेशंस में शुरू किया गया है। महिला टीम की प्रतिबद्धता एवं समर्पण से परिचालन दक्षता लगभग दोगुनी हो गई है। इससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर में महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। इस पहल को लेकर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट की वाइस प्रेसिडेंट–पीपुल मोनल श्रीवास्तव ने कहा, ह्यडीपी वर्ल्ड ऐसा वर्कफोर्स बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें हमारे मूल सिद्धांतों की झलक दिखे। हमारे मूल सिद्धांत हैं, बेहतर भविष्य को आकार देना, अनुकूलता को स्वीकारना और पर्यावरण के अनुकूल विकास को गति देना। लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता से उत्पादकता दोगुनी हुई है, जिससे सेक्टर में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान सामने आया है। हम इस पहल को नए शहरों में विस्तार दे रहे हैं।

# सिल्वर पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**फिरोजाबादः थाना** उत्तर क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार को एक सिल्वर पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। थाना उत्तर क्षेत्र के द्वारिकापुरी में अविनाश और राहुल नाम के दो लोग सिल्वर पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री चलाते हैं। सोमवार को फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से विस्फोट हुआ। जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय फैक्ट्री में राहुल मौजूद था। जिसने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# रंगभरनी एकादशी पर वृंदावन में चटक हुआ आस्था का रंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः रंगभरनी** एकादशी पर ब्रज में होली की धूम है। वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध बांकेबिहारी मंदिर में जन-जन के आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी ने श्वेत पोशाक धारण कर, रजत सिंहासन पर विराजित होकर भक्तों को दर्शन दिए। रंगभरनी एकादशी पर ठाकुर बांकेबिहारी ने सोने-चांदी की पिचकारी से भक्तों पर रंग बरसाए। इस परंपरा के बाद मंदिर में रंग वाली होली का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। बांके बिहारी मंदिर परिसर में रंगों की बरसात हो रही है, जिससे सतरंगी छटा छाई हुई है।

बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत



नितिन सांवरिया के अनुसार रंगभरनी एकादशी पर श्रीबांकेबिहारी के लिए शुद्ध केसर का रंग बनाया गया है। सेवायत सबसे पहले स्वर्ण रजत निर्मित पिचकारी से श्वेत वस्त्र धारण किए हुए ठाकुरजी के ऊपर रंग डालते हैं, इसके बाद होली का परंपरागत शुभारंभ होता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में टेसू के रंगों के साथ-साथ चोवा, चंदन के अलावा अबीर गुलाल से होली खेली जाती है। यह होली रंगभरनी एकादशी से शुरू होकर पूर्णिमा की शाम तक होती है। मंदिर सेवायत ज्ञानेंद्र आनंद किशोर गोस्वामी ने बताया कि धूलैड़ी वाले दिन ठाकुरजी भक्तों पर रंग नहीं डालते बल्कि स्वर्ण सिंघासन पर गुलाबी पोशाक पहनकर राजा बनकर बैठते हैं और अपने भक्तों को होली खेलते देखते हैं। इसी दिन सुबह मंदिर के सेवायतों के द्वारा क्षेत्र में चौपाई (भ्रमण) निकाली जाती है। समाज गायन के साथ बधाई गीत होते हैं। ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर के साथ ही राधावल्लभ, राधादामोदर, राधाश्याम सुंदर, राधारमण मंदिर, राधा गोपीनाथ, राधासेनह बिहारी, मदन मोहन मंदिर, यशोदानंदन धाम, गोदाहरिदेव दिव्य देश आदि मंदिरों में टेसू के रंगों से होली खेली जा रही है। होलीपर्व के दौरान ठाकुरजी को चाट, जलेबी, ठंडाई का विशेष भोग अवश्य लगाया जाता है। इसके अलावा पकौड़ी, दालपकौड़ी, दहीबड़ा, गुजिया, सोंठ बड़ा गुजिया, पानी की टिकिया, सोंठ-दही-चटनी की टिकिया, खाजा, समोसा, आलूगोला आदि बिहारीजी को अर्पित किए जाते हैं।

इनके संग केसर, बादाम, काजू, पिस्ता, पोस्त, खरबूजाबीज, सौंफ, कालीमिर्च, गुलकंद, दूध मिश्रित ठंडाई भगवान को भोग धराई जाती है। रंगभरनी एकादशी पर वृंदावन की परिक्रमा लगाई।

# पति पत्नी बैठे थे सड़क किनारे उपर आ गिरी मैक्स पत्नी की मौत, पति घायल

## अचानक ब्रेक लगाने से पलटी टाटा मेक्स से हुआ हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**


**मथुराः पति** पत्नी सड़क किनारे बैठे हुए थे। तभी टाटा मैक्स के चालक ने आगे वाहन आने के कारण अचानक ब्रेक लगा दिए। इस दौरान टाटा मैक्स पलट गई। सड़क किनारे बैठी पत्नी टाटा मैक्स की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल पति को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल भर्ती कराया। वहीं मृतक पत्नी का शव मोर्चरी भिजवा दिया। थाना सादाबाद क्षेत्र के बरामई व हाल निवासी थाना जैंत के रामताल में रह रहे सियाराम पुत्र रघुवीर व उसकी पत्नी राखी थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत प्रियकांत जू मंदिर के सामने सोमवार रात्रि 12रू30 बजे सड़क किनारे बैठे हुए थे। तभी टाटा मैक्स के चालक ने आगे अज्ञात वाहन आने के कारण अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से टाटा मैक्स अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें पत्नी राखी (30 वर्ष) की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं उसका पति सियाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। सियाराम को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल भर्ती कराया। वहीं मृतका राखी के शव को मोर्चरी हाउस भिजवा दिया। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया पंचायतनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मुरादाबाद में एक युवक को गोली मारी, भाजपा पार्षद पर आरोप

**मुरादाबादः सिविल** लाइंस थाना क्षेत्र स्थित आशियाना कॉलोनी में सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहे युवक को दिनदहाड़े गोली मारे जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने भाजपा पार्षद पर गोली चलवाने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर डेढ़ बजे आशियाना कॉलोनी स्थित आरआरके स्कूल के पास एक युवक को गोली मार दी गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक का नाम मयंक गुर्जर हैं, जो सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहा है।

# कुंज में विराजमान हो राजाधिराज ने खेली होली

## एकादशी को दर्शन करने के लिए उमड़े भक्त रसिया गायन को सुनकर भक्त झूम उठे



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः नगर** के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में एक माह से चल रहे होली के रसिया गायनों के मध्य आज एकादशी के दिन कुंज में विराजमान होकर अपने भक्तों के साथ प्रभु द्वारकानाथ और स्वामिनी जी के साथ होली खेली। कुंजन होरी रे श्याम पिया रसिया इस भाव से आज देश-विदेश से आए हजारों भक्तों ने रसिया के साथ-साथ टेसू के शुद्ध फू ल अबीर गुलाल का आनंद लिया। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि यह कम अभी निरंतर रूप से जारी रहेगा। कल भी प्रातरू काल 10 बजे से 11 बजे तक रसिया गायन के साथ ठाकुर जी होली खेलेंगें। 12 मार्च को भव्य बगीचे का आयोजन मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश में किए जाएगा। जिसके दर्शन के समय में परिवर्तन किया गया है। बांग्ला ग्वाल और सिंगार नियमित समय से होंगे पर बगीचे के विशेष दर्शन दोपहर 1 बजे से 2.30 बजे तक निरंतर रूप से होंगे। ठाकुर जी बगीचे में विराजमान होकर होली खेलेंगे। उसी दिन ठाकुर जी के शयन के दर्शन सायंकाल 4.30 बजे से 5 बजे तक होंगे और बगीचे के बाद अंदर-अंदर सेवा चालू रहेगी।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुजफ्फरपुरः टोयोटा** किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोजाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, "टोयोटा में, हमेशा बेहतर कारें देने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की गहरी समझ पर आधारित है। व्यापक बाजार अनुसंधान और उपभोक्ता अंतर्दृष्टि के माध्यम से, हम उन वाहनों की बढ़ती मांग को पहचानते हैं जो शक्ति, परिष्कार और मजबूत बहुमुखी प्रतिभा का सहज मिश्रण करते हैं। टोयोटा हाइलक्स लंबे समय से स्थायित्व और प्रदर्शन का प्रतीक रहा है और हाइलक्स ब्लैक एडिशन की शुरूआत के साथ, हम इस विरासत को और भी आगे ले जा रहे हैं। आकर्षक ऑल-ब्लैक एक्सटीरियर इसकी बोल्ड और कमांडिंग रोड प्रेजेंस को बढ़ाता है, जो एक शक्तिशाली बयान देता है जो रोमांच चाहने वालों और लाइफस्टाइल उत्साही लोगों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित होता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 44 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन में बिल्कुल नया ब्लैक थीम वाला एक्सटीरियर है, जो इसे सड़क पर एक प्रभावशाली उपस्थिति देता है। प्रमुख डिजाइन संवर्द्धन में ब्लैक रंग का फ्रंट रेडिएटर ग्रिल, मस्कुलर बोनट लाइन और कस्टमाइज्ड हब कैप के साथ 18 इंच के ब्लैक अलॉय व्हील शामिल हैं। ब्लैक ओआरवीएम कवर, डोर हैंडल, फेंडर गार्निश और फ्यूल लिड गार्निश जैसे अतिरिक्त स्टाइलिंग तत्व इसे आकर्षक और जोरदार लुक देते हैं। फ्रंट बंपर में स्पोर्टी टच देने वाला अंडर रन फीचर है।

# ब्रज कला केंद्र के प्रशिक्षु कलाकारों ने किया नित्य रास का मंचन

## ब्रज कला केंद्र के प्रेक्षागृह में रासलीला अकादमी के प्रशिक्षु कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः गीता** शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा ब्रज कला केंद्र एवं ब्रज संगीत विद्यापीठ मसानी चौराहा के संयुक्त तत्वावधान में केन्द्र के प्रेक्षागृह में होलिकोत्सव 2025 मनाया गया। इसके अंतर्गत रास रंग का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना जी के निर्देशन में मनाया गया। अकादमी के प्रशिक्षक पंडित आकाश शर्मा के संयोजन में



पंडित सुनील पाठक, तबला पखावज वादक, पंडित मनमोहन कौशिक, सारंगी वादक, पंडित नदीराम शर्मा वंशी वादक, स्वामी घनश्याम भारद्वाज तथा जगदीश पथसारिया सभी का विशेष सहयोग रहा। नृत्य संयोजन सुश्री रोचना शर्मा ने किया। ब्रज कला केंद्र, मथुरा तथा ब्रज संगीत विद्यापीठ द्वारा सभी बच्चों को एवं सभी प्रशिक्षकों को ट्रॉफी एवं प्रसाद वितरण के साथ सम्मानित किया गया। इसके लिए गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक महोदय प्रोफेसर दिनेश खन्ना जी ने ब्रज कला केंद्र के सभी पदाधिकारियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया औरंगाबाद अपील की कि भविष्य में ब्रज कला केंद्र मथुरा गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी को इसी प्रकार सहयोग करते रहें जिससे हमारे सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का मनोबल बढ़ता रहे। भागवत विदुषी कीर्ति गोस्वामी ने कलाकारों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर गजेंद्र शर्मा, विष्णु प्रकाश, दीपक गोयल, राजेंद्र बंसल, उमेश गोयल, वीरेंद्र गोयल, श्रीचंद्र अग्रवाल, विष्णु चंद्र हकीम, राजेंद्रे, मुकेश सराफ, डॉ. डीडी गर्ग, सुशीला अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही।

# भाकियू अराजनैतिक ने मंडल आयुक्त को दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः भारतीय** किसान यूनियन अराजनैतिक ने आलू प्रसंस्करण एवं भंडारक क्षमता बढ़ाने की मांग की है। इस से संबंधित एक ज्ञापन भी दिया। भाकियू के पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष राजकुमार कुमार तोमर के नेतृत्व में मंडल आयुक्त शैलेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने कहा किसानो को फसल में हो रही समस्याओं और आवश्यकता को इस ज्ञापन में रखा गया है। उत्तर प्रदेश राज्य आलू उत्पादक में प्रमुख स्थान रखता है। उत्तर प्रदेश के



किसानों को खेती करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, आलू संग्रहीत करने के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं है, जिससे गुणवत्ता बेकार हो रही है फसल का सही मूल्य नहीं मिलता है। सरकार मूलभूत सुविधाएं मिले आधुनिक आलू प्लांट लगवाने कोल्ड स्टोरेज स्थापित करे जिससे किसान को फसल में सुविधा मिले।

# 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर

## उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में मेडिकल कॉलेज, मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी योजना सहित 19 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**कैबिनेट फैसले**

**▸▸ बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** योगी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक में 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। सोमवार को लोकभवन में आयोजित बैठक के उपरांत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं। बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण, स्मार्ट सिटी योजना का विस्तार और केंद्र सरकार द्वारा तय किये गये समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है।



### डीटीआईएस की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित

**मंत्रिपरिषद** की बैठक में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीवी को 0.8 हेक्टेयर भूमि नि:शुल्क हस्तांतरित करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है। डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर के रूप में किया जाएगा।
इसमें लखनऊ नोट के अंतर्गत स्थापित रक्षा इकाईयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं सर्टिफिकेशन के लिए किया जाएगा।

### आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण

**यूपी** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 8684.68 वर्ग मीटर भूमि को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरित किया गया है। वहीं, द्वितीय कॉरिडोर के लिए गृह विभाग की 20,753 वर्ग मीटर भूमि को भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरित किया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग 90 वर्ष की लीज पर और 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के प्राविधानों के सहित 1 रुपए प्रतीक मूल्य पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को भूमि हस्तांतरित करेगा। इसे लेकर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है।

**राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना को मिला दो साल का विस्तार**

राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिए बढ़ाने का निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया है। यह योजना प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के लिए लागू होगी। पहले यह योजना पांच साल के लिए थी, लेकिन अब इसे राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विस्तार दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2019-20 में प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटी का चयन किया था, जबकि प्रदेश सरकार ने सात शहर, गाजियाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर और गोरखपुर को भी इसमें शामिल किया था। इस विस्तार से शहरी विकास को नई गति मिलेगी। संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को नि:शुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

**स्टाम्प पेपर को लेकर योगी मंत्रिपरिषद ने लिया बड़ा फैसला**

मंत्रिपरिषद ने 10,000 से 25,000 मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में 5,630 करोड़ रुपये से अधिक के स्टाम्प को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगे, उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है।

**17 मार्च से 15 जून 2025 तक होगी गेहूं की खरीद**

केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 17 मार्च से 15 जून 2025 तक गेहूं की खरीद होगी, जिसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों द्वारा प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण को मंजूरी दी गई।

# सुहावनी हो गई सरोजनीनगर की होली: मुख्यमंत्री योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित '3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस' कार्यक्रम में शिरकत की। स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही सरोजनीनगर संवाद व विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सरोजनीनगर के सिख परिवारों ने सीएम योगी को करतारपुर साहब से लाया प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंग और विकास की योजनाओं संग सरोजनीनगर की होली और सुहावनी हो गई।

**सीएम ने सरोजनीनगर की जनता का किया अभिनंदन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम देखकर आनंद की अनुभूति हुई कि विधायक जमीनी धरातल पर उतरकर इतनी गहराई के साथ जनता-जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है और लोकतंत्र इसी से मजबूत होता है। सरोजनीनगर की जनता का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पहले आज ही के दिन (10 मार्च 2022) डॉ. राजेश्वर सिंह को विधायक चुना था। उनके द्वारा यहां की विकास योजनाओं को शासन में पहुंचाया जाता था और वहां से स्वीकृति ली जाती थी। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र भी इतने दिव्य-भव्य तरीके से आगे बढ़ सकता है, यह प्रदर्शनी देखकर बहुत अच्छा लगा।

**जनप्रतिनिधियों के मन में संवेदना हो तो वह बहुत कुछ कर सकता है**

सीएम योगी ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि समर्पित भाव से कार्य करता है और उसके मन में संवेदना है तो वह बहुत कुछ कर

### 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं से समृद्धि पथ पर है सरोजनीनगर

**सीएम** योगी ने कहा कि आज रंगभरी एकादशी भी है। सभी मंदिरों में देव विग्रहों के साथ होली खेली जा रही है। रंग के साथ विकास की योजनाओं ने सरोजनीनगर विधानसभा की होली को और और भी सुहावना बना दिया है। क्षेत्र में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं या चल रही हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 1200 करोड़ रुपये का कन्वेंशन सेंटर (जहां 10 हजार लोग एक साथ बैठकर कार्यक्रम कर सकें) बनाने जा रहे हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर भी बन रहा है। यूपी का पहला फॉरेंसिक

# एमपी: स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने सोमवार को बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है।

# मप्र में पांच साल में बनेंगे 10 लाख आवास: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राज्यपाल पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की योजनाओं और निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास 2.0 के तहत अगले पांच साल में 10 लाख आवास का निर्माण किया जाएगा। सरकार अगले तीन साल में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। राज्य सरकार किसानों को अब पांच रुपये में स्थायी बिजली कनेक्शन देगी, जिससे उनकी



सिंचाई की सुविधाएं बेहतर होंगी। नर्मदा घाटी विकास योजना और जल संसाधन विभाग की सहायता से राज्य की सिंचाई क्षमता अगले तीन वर्षों में 50 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर हो जाएगी।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयनन की महत्वपूर्ण पहल हुई है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्य प्रदेश की तस्वीर को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के तहत गरीब, युवा, किसान और महिला वर्ग के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण मिशन स्थापित किया गया है।

**अभिभाषण**

**▸▸ युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण मिशन स्थापित किया गया है: राज्यपाल**

# अब गंगा की रेती पर स्कीमर के वेलकम की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ/प्रयागराजः** महाकुम्भ मेले में रिकॉर्डतोड़ 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के बाद अब गंगा की रेती पर दुर्लभ प्रजाति के नन्हे इंडियन स्कीमर के वेलकम की तैयारी शुरू हो गई है। महाकुम्भ की शुरूआत में 150 जोड़े इंडियन स्कीमर के पहुंचे, जो दिसंबर से लेकर फरवरी अंत या मार्च की शुरूआत तक अंडे देते हैं। अब 150 जोड़ों के साथ ही इन दुर्लभ प्रजाति के नन्हे इंडियन स्कीमर को जंगली जानवरों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर वाचर तैनात कर दिए गए हैं। इसी के साथ वाइल्डलाइफ की टीम भी अलर्ट कर दी गई है।



दुनिया के इस सबसे बड़े मेले में 90 से अधिक प्रजातियों के देशी और विदेशी पक्षी पहुंचे हैं। प्रदूषण को रोकने में भी यह काफी कारगर साबित होते हैं।
महाकुम्भ में इन्हें देखने देश विदेश से लोग जुड़ते हैं। इसी के मद्देनजर यहां बर्ड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया है। इसी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। डीएफओ प्रयागराज अरविंद कुमार यादव ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के साथ-साथ इंडियन स्कीमर के 150 से अधिक जोड़े संगम क्षेत्र में पहुंचे हैं। यहां वे प्राकृतिक वातावरण में घुल-मिल गए।

**अलर्ट**

**▸▸ महाकुम्भ में पहुंचे 150 जोड़े की सुरक्षा के लिए लगाए गए वाचर, वाइल्डलाइफ की टीम अलर्ट**

# खनन माफिया पर डीसी ने कसे नकेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने सोमवार को घालूवाल और बसाल क्षेत्र में स्वां नदी का निरीक्षण किया और खनन माफिया पर कार्रवाई करते हुए मौके पर तीन टिप्पर जब्त किया और 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। निरीक्षण के दौरान खनन नियमों और निर्धारित वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते पाये जाने पर मौके पर टिप्परों को जब्त किया और एनजीटी नियमों के तहत जुमार्ना भी लगाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह भी उनके



साथ रहे। उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और उनका संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अवैज्ञानिक खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए भी खतरा पैदा करता है। जिला प्रशासन अवैध खनन और खनन नियमों के उल्लंघन में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर रहा है और यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।

**जुर्माना**

**▸▸ खनन माफिया पर कार्रवाई करते हुए मौके पर तीन टिप्पर जब्त किया और 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूला**

## हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। राज्य के कई हिस्सों में बादलों ने डेरा डाल लिया है और अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं मैदानी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चार दिनों तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश, बर्फबारी और गरज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना है।

**रोजगार** — 4,893 कुशल और अकुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए

# जम्मू-कश्मीर में 3.70 लाख से अधिक बेरोजगार युवा पंजीकृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मूः** जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पिछले दो वर्षों में केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित नौकरी मेलों के माध्यम से 4,893 कुशल और अकुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं जबकि जनवरी 2025 तक रोजगार पोर्टल पर 3.70 लाख से अधिक बेरोजगार युवा पंजीकृत हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई योजनाओं और पहलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन पर केंद्रित नीति तैयार करने का इरादा



रखती है सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2022-23 से फरवरी 2025 तक 246 जॉब फेयर आयोजित किए गए जिसमें 2,760 कंपनियों ने भाग लिया और इन आयोजनों के दौरान 1,36,200 नौकरी चाहने वालों ने अपना पंजीकरण कराया। उनमें से 39,782 उम्मीदवारों को दूसरे दौर की काउंसलिंग के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया जबकि 4,893 युवाओं को मौके पर ही रोजगार मिला। 2022-23 में विभाग ने 878 कंपनियों और 45,447 नौकरी चाहने वालों की भागीदारी के साथ 84 जॉब फेयर आयोजित किए। परिणामस्वरूप 14,014 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया जबकि 1,761 नौकरी चाहने वालों को मौके पर ही प्लेसमेंट मिला और 2,978 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए अनुशंसित किया गया। अगले वर्ष सरकार ने आउटरीच को बढ़ाया 106 जॉब फेयर आयोजित किए जिसमें 1,412 कंपनियां और 72,175 नौकरी चाहने वाले शामिल हुए। इसके परिणामस्वरूप 20,754 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया 1,902 को मौके पर ही प्लेसमेंट मिला और 2,807 को कौशल प्रशिक्षण के लिए अनुशंसित किया गया।

